संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 104 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम नए भारत की तस्वीर, बेटियों के सपने होंगे साकारः नायब



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़ः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वदंन अधिनियम नए भारत की तस्वीर है जहां पर देश की बेटियों के सपनों को साकार किया जाएगा। इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश की संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें निर्णय लेने की मुख्य धारा में लाता है। यह कानून महिलाओं को केवल भागीदारी नहीं नीति निर्माण में नेतृत्व की भूमिका देता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कला एवं सांस्कृतिक विभाग एवं जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित 2 दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम को ऑन लाईन प्रणाली से सुन रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया। आज हरियाणा का लिंगानुपात 871 से सुधरकर 923 तक पहुँच गया है। जब नीति और नीयत सही हो तो समाज में भी सकारात्मक बदलाव आते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि हमारी माताओं-बहनों के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

# गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं सरकारः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं। ऐसा करके गुरु परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में कला एवं सांस्कृतिक विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख इतिहास पर आधारित व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महिला व पुरुषों की दंगल प्रतियोगिता को शुरू करवाया और पतंग उड़ाकर अंतरराष्ट्रीय पतंग प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। इसके साथ ही हरियाणवी संस्कृति पर आधारित हरियाणा विरासत पवेलियन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर सबको बैसाखी के पावन पर्व की बधाई दी। इसके साथ ही खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर महान गुरुओं के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज को सिख संगत की तरफ से कृपाण, सरोपा तथा खंडा साहिब का स्मृत्ति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें गुरु साहिबान की शिक्षाओं, एकता, समर्पण, सेवा और परिश्रम को अपने जीवन में अपनाना होगा। हम सभी को मिलकर ऐसा समाज बनाना होगा, जहां सभी को समान अवसर मिले, जहां कोई भेदभाव न हो और जहां हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार हो। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का उद्देश्य केवल विकास

**समारोह**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में की शिरकत**

करना नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना, अपनी संस्कृति को संजोना और आने वाली पीढि़यों को अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना है।

जब हम अपने अतीत से प्रेरणा लेते हैं, तभी हम एक उज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की इस कर्मभूमि पर बैसाखी के पावन पर्व पर आप सबके बीच आकर बड़ी खुशी हो रही है। यह वह धरा है, जो धर्म और कर्म की धरती के रूप में जानी जाती है। बैसाखी का पर्व हमें प्रकृति के साथ जुड़?, श्रम के सम्मान को समझने और समृद्धि का उत्सव मनाने की प्रेरणा देता है। जब खेतों में लहराती फसलें पककर तैयार होती हैं, तो किसान का हृदय गर्व और आनंद से भर उठता है। और उसी खुशी को हम सब मिलकर बैसाखी के रूप में मनाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी का यह पावन दिन हमारे इतिहास का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय भी समेटे हुए है। वर्ष 1699 में इसी दिन आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर दशम पातशाह सरबंसदानी श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

## हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महिला आरक्षण बिल पर कहा, 'हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है। इसलिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का स्पेशल सेशन लाई है।' उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।' पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं लेकर हाजिर है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व योजना, जन्म के बाद सुकन्या समृद्धि योजना, सही समय पर टीके लगें इसके लिए मिशन इंद्र धनुष शुरू किया। स्कूल में शौचालय की परेशानी न हो स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त सेनेटरी पैड, खेलों में सालाना 1 लाख की मदद, भविष्य में सेना में जाना चाहे तो सरकार ने सैनिक स्कूल के दरवाजे खोले। जीवन के आगे के पड़ाव में रसोई में धुएं की परेशानी से बचाने उज्जवला योजना, पानी के लिए हर घर नल, 5 लाख तक मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना। इन सबका सबसे ज्यादा लाभ हमारी बहनों और बेटियों को हो रहा है। 3 करोड़ से ज्यादा महिलाएं अपने घर की मालिक बनी हैं। आम तौर पर पिता और बेटा व्यापार की बात करते हैं न और मां आ जाए तो कहते हैं तुम जाओ। अब जब वो आर्थिक सशक्त हो गई हैं तो बेटा भी कहता है कि मां को बुलाइए न। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।
भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई भी देता हूं। लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा है।

## जज संघ से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में गईं, हटाई जाएंः केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को हाईकोर्ट जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से दिल्ली शराब घोटाला केस से हटने (रिक्यूज) की फिर मांग की। उन्होंने कोर्ट में डेढ़ घंटे दलीलें रखीं। कहा- 'मुझे पहले से ही दोषी माना जा रहा है। जस्टिस शर्मा के आदेशों में एक पैटर्न दिखता है, जिसमें ईडी और सीबीआई के हर तर्क को स्वीकार किया जाता है।'
उन्होंने कि जस्टिस शर्मा ने अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कानूनी इकाई है, के एक कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को तीन महीने की सुनवाई के बाद इस केस में मुझे और 23 आरोपियों को बरी कर दिया। 9 मार्च को जस्टिस शर्मा ने बहुत कम समय की सुनवाई के बाद आंशिक रूप से स्थगित कर दिया। इसके बाद उन्होंने 10 वजहें गिनाईं। इससे पहले 6 अप्रैल को सुनवाई हुई थी।

## हॉर्मुज स्ट्रेट ठप होने की आशंका से 105 डॉलर के पार पहुंचा डब्ल्यूटीआई क्रूड

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल तथा ईरान के बीच जारी जंग को रोकने के लिए पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता विफल हो जाने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल ने आज एक बार फिर गर्मी दिखा दी है। अंतराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।





उत्तर भारत

ACTION INDIA

करनाल, 14 अप्रैल 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# खेलो इंडिया ने भारत के पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई : राजनाथ सिंह

☐ पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में खेल का एक नया युग शुरू हुआ, खेलो इंडिया ने भारत के पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है गटका, मल्लखंब, थांग-टा, कलरीपयट्टू और योगासन जैसी विभिन्न विधाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी सरकार स्कॉलरशिप्स दे रही है, आज देशभर में 1000 खेलो इंडिया सेंटर्स की भी स्थापना की जा रही है, करीब 2 दर्जन नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस भी खोले गए

**स्पेशलाइज्ड**

☐ अब राज्यों में भी स्पोर्ट्स स्पेशलाइज्ड हायर एजुकेशन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं: राजनाथ सिंह





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** लखनऊ के के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ को संबोधित करते हुए देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया ने भारत के पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। गटका, मल्लखंब, थांग-टा, कलरीपयट्टू और योगासन जैसी विभिन्न विधाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी सरकार स्कॉलरशिप्स दे रही है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 1000 खेलो इंडिया सेंटर्स की भी स्थापना की जा रही है। करीब 2 दर्जन नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस भी खोले गए हैं। इन सेंटर्स पर प्रदर्शन को सुधारने के लिए ट्रेनिंग और स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट दिया जा रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि अब राज्यों में भी स्पोर्ट्स स्पेशलाइज्ड हायर एजुकेशन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें उत्तर प्रदेश बहुत प्रशंसनीय काम कर रहा है। मेरठ में मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय का उदाहरण हमारे सामने है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पोर्ट्स को एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। देश की पहली राष्ट्रीय खेल यूनिवर्सिटी के निर्माण से इसमें और मदद मिलेगी। खेलो इंडिया प्रोग्राम से एक और उत्साहजनक परिणाम हमारी बेटियों की भागीदारी को लेकर आया है। देश के अनेक शहरों में खेलो इंडिया वीमेन्स लीग का आयोजन किया जा रहा है। इनमें महिलाओं की भागीदारी काफी अधिक है। रक्षामंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ये दिखाता है कि भारत के हमारे युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास आज कितना बुलंद है। आज गांवों के पास भी आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। देश के दूर-सुदूर में भी अब बेहतर मैदान, आधुनिक स्टेडियम, आधुनिक ट्रेनिंग फैसिलिटी बनाई जा रही हैं। यूपी में भी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट्स पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

## सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब-करीब पाँच हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है: सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया अभियान के तहत हमारी सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब-करीब पाँच हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। बढ़ते हुए स्पोर्ट्स इंफ्रा की वजह से अब ज्यादा खिलाड़ियों के लिए खेल से जुड़ना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार, आज खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान कर रही है। पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में खेल का एक नया युग शुरू हुआ है। ये नया युग विश्व में भारत को सिर्फ एक बड़ी खेल शक्ति बनाने भर का ही नहीं है। बल्कि ये खेल के माध्यम से समाज के सशक्तिकरण का भी नया दौर है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत में पिछले दस-बारह वर्षों में खेलों को लेकर माहौल काफी बदला है। अब भारत बड़े-बड़े स्पोर्टिंग इवेंट्स में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल साबित हो रहा है। महत्वपूर्ण है कि समाज में खेल और खिलाड़ियों के महत्व को न केवल समझा जाये बल्कि उन्हें फलने-फूलने का पूरा अवसर भी दिया जाये। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल मंत्री गिरीश यादव, सांसद राज्यसभा संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री डा.महेन्द्र सिंह, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, अवनीश पटेल व विधायक डा.नीरज बोरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आज गांवों के पास भी आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। देश के दूर-सुदूर में भी अब बेहतर मैदान, आधुनिक स्टेडियम, आधुनिक ट्रेनिंग फैसिलिटी बनाई जा रही हैं। यूपी में भी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट्स पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुल सचिव बर्खास्त, न्यूनतम, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योग्यता पूर्ण न करने का आरोप

**कार्रवाई**

☐ निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योग्यता पूर्ण न करने के कारण सेवा समाप्त कर दी गई किया जाता था

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुल सचिव विश्वास त्रिपाठी की निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशासनिक योग्यता पूर्ण न करने के कारण सेवा समाप्त कर दी गई है। प्रभारी कुलसचिव प्रो. चंद्र कुमार सिंह ने बताया कि डॉ. त्रिपाठी ने पद के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता धारण न करने के बावजूद आवेदन प्रस्तुत किया था। दस्तावेज परीक्षण समिति ने जांच के दौरान पाया कि उन्होंने अपने अनुभव से संबंधित तथ्यों को भ्रामक एवं अपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड ने अभिलेखों के परीक्षण करने के उपरांत और डॉ. त्रिपाठी को व्यक्तिगत रूप से सुनने के पश्चात, यह पाया कि उनकी नियुक्ति विधि विरुद्ध है। तथ्यों के आधार पर तत्काल प्रभाव से उनकी सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं, डॉ. विश्वास त्रिपाठी का कहना है कि पद के लिए वह पूरी योग्यता रखते हैं। उनकी ओर से उच्च न्यायालय में कुलपति के खिलाफ दायर की गई अवमानना की रिट के कारण द्वेष पूर्ण कार्रवाई की गई है। इस पर वह उच्च न्यायालय में आपत्ति दाखिल करेंगे। उनके खिलाफ वित्त में हेराफेरी का मामला भी द्वेषपूर्ण ढंग से दर्ज कराया गया है। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में फीस घोटाले के आरोपों के बाद लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर बोर्ड को भी फीस को लेकर कई शिकायतें मिली थी। छात्रों ने शिकायत की थी कि कैश में फीस लेने के बाद उन्हें विवि की मोहर लगी जाली रसीद दी गई। कुछ बाहरी लोग व विवि के सीनियर छात्र जूनियरों को फीस कम कराने का झांसा देकर उनसे कैश में पैसे ले लेते थे। उसके बाद वह पैसा विवि के खातों में जमा नहीं किया जाता था।

फीस जमा नहीं होने पर परीक्षा

# पंजाब में होने वाले धार्मिक समागमों को बनाया जाएगा प्लास्टिक मुक्त

**उद्देश्य**

☐ पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेयरपर्सन ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से मुलाकात की



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटियाला।** पंजाब में होने वाले धार्मिक समागमों के दौरान प्लास्टिक-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने सोमवार को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज से मुलाकात की। समूची संगत से सिंगल-यूज प्लास्टिक और थमाकोल आधारित उत्पादों के उपयोग से परहेज करने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि तख्त श्री केसगढ़ साहिब में हुई बैठक के दौरान पंजाब के लोगों से धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाने की संयुक्त अपील जारी की गई। इस अपील के तहत समूची संगत से आग्रह किया गया है कि वे सिंगल-यूज प्लास्टिक और थमाकोल आधारित उत्पादों के उपयोग से परहेज करें। लंगर, प्रसाद और अन्य सेवाओं में। गुरु साहिबानों की शिक्षाओं के अनुरूप सेवा और प्रकृति के सम्मान को ध्यान में रखते हुए पुनः उपयोग योग्य स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाए। पवित्रता बनाए रखने में पर्यावरण की देखभाल भी शामिल है। शहरीकरण के बीच पंजाब के हरित क्षेत्र को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# खंडवा में मालगाड़ी के वैगन से एलपीजी गैस रिसाव, 3 घंटे चला रेस्क्यू

**टला हादसा**

☐ पनवेल से जबलपुर जा रही मालगाड़ी के एक वैगन में लीकेज, प्रशासन-रेलवे की त्वरित कार्रवाई से टला हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन के आउटर पर रविवार रात एलपीजी गैस से भरी मालगाड़ी के एक वैगन में रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। समय रहते रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ा हादसा टल गया। दरअसल महाराष्ट्र के पनवेल से जबलपुर (भिटौनी) जा रही भारत पेट्रोलियम की मालगाड़ी में 32 वैगन थे। रात करीब 9:30 बजे ट्रेन आउटर पर खड़ी थी, तभी स्टाफ बदलने के दौरान गैस की तेज गंध महसूस हुई। जांच में एक वैगन से एलपीजी गैस रिसाव की पुष्टि हुई।जानकारी के अनुसार, शिफ्ट खत्म होने पर ट्रैक चेक कर रहे एक रेलवे कर्मचारी ने पहले गैस की आवाज और फिर तेज गंध महसूस की। पास जाकर देखने पर एक वैगन से तेजी से गैस निकलती दिखाई दी। कर्मचारी ने तुरंत स्टेशन प्रबंधन को सूचना दी, जिसके बाद पूरे सिस्टम को अलर्ट कर दिया गया। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी, स्टेशन प्रबंधक अरविंद साहा, आरपीएफ और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता और एसपी मनोज कुमार राय ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेराबंदी में लिया गया।

# कला हमेशा से अभिव्यक्ति, प्रतिबिंब और परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम रही: गुरु खुशवंत

**प्रदर्शनी**

☐ यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी देशभर के 100 प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगी।

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** गौरा में आपका स्वागत है। यह प्रदर्शनी आने वाले सभी लोगों के लिए खुशी, प्रेरणा और चिंतन का स्रोत बने। छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा आयोजित तीसरी दृश्य कला प्रदर्शनी गौरा का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक महंत घासीदास संग्रहालय, राजभवन के निकट स्थित आर्ट गैलरी, रायपुर में किया। यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी देशभर के 100 प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर चार विशिष्ट अतिथि कलाकारों की सहभागिता भी रहेगी। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 अप्रैल 2026 को मुख्य अतिथि श्री गुरु खुशवंत,तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन व विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. चित्तरंजन कर ,लेखक रायपुर और वेद प्रकाश भारद्वाज,दृश्य कलाकार, कला लेखक, क्यूरेटर और संपादक, नई दिल्ली के करकमलों द्वारा किया जाएगा, जो इस अवसर को गौरवान्वित करेंगे।

उद्घाटन के पश्चात प्रदर्शनी दर्शकों के लिए खुली रही। गौरा प्रदर्शनी समकालीन भारतीय कला की विविधता, सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति का उत्सव है। यह कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और आम दर्शकों को देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों की कृतियों को देखने और समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी। श्री गुरु खुशवंत,तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि मुझे बेहद खुशी और गर्व है कि मैं छत्तीसगढ़ की जीवंत और विविध कलात्मक भावना के उत्सव, सीजीपीएजी की उद्घाटन प्रदर्शनी गौरा में आपका स्वागत करता हूँ। यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसमें हमारे क्षेत्र के 100 प्रगतिशील कलाकार एक साथ आ रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य के कैनवास पर अपनी अनूठी दृष्टि और रचनात्मकता का योगदान दिया है।

# मप्र में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध, 2904 स्थानों पर हुई जाँच, 4369 गैस सिलेण्डर जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। यहां आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 2904 स्थानों पर जांच की गई, 4369 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। यह जानकारी सोमवार को प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 751 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें एक प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि भारत में कच्चे तेल का पर्याप्त भण्डार है, देश एवं प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं, पेट्रोलियम पदार्थों की निरंतर सप्लाई हो सके एवं सप्लाई में कोई रुकावट न आए।

# किडनी कांड : फरार 25 हजार का इनामी डॉ रोहित गिरफ्तार

**काबू**

☐ किडनी कांड का आरोपित रोहित कोई डॉक्टर नहीं बल्कि 12वीं पास है और खुद को डॉक्टर बताता था



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में रावतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निजी अस्पतालों में चल रहे किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर खरीद फिरोख्त सिंडिकेट मामले में फरार 25 हजार के इनामी फर्जी डॉ रोहित को पुलिस ने सोमवार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में उसने कई अहम खुलासे किए हैं। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने किडनी कांड मामले में फरार इनामी डॉ रोहित की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम लगातार किडनी कांड मामले से जुड़े आरोपितों की तलाश कर रही थी। आज इस मामले से जुड़े अहम और मास्टर माइंट बताए जा रहे दिल्ली निवासी डॉ रोहित की गिरफ्तारी की गई है। उसे गिरफ्तार कर कानपुर लाया गया। जहां पर उससे पूछताछ जारी है। जांच में पुलिस को पता चला है कि किडनी कांड का आरोपित रोहित कोई डॉक्टर नहीं बल्कि 12वीं पास है और खुद को डॉक्टर बताता था। उससे पूछताछ के बाद जानकारी को पुलिस प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से साझा करेंगे। उल्लेखनीय है कि कानपुर में अवैध रूप से चल रहे किडनी ट्रांसप्लांट के सिंडिकेट का कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बीती 30 मार्च 2026 को खुलासा किया था। जांच में यह तथ्य सामने आए थे कि कल्याणपुर स्थित अहूजा हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर लोगों को बरगलाते हुए चंद पैसों का लालच देकर अमीरों को मंहगें दामों में लगाई (बेची)जाती थी। इस पूरे खेल में संलिप्त अहूजा हॉस्पिटल के मालिक दंपति डॉक्टर सुरजीत आहूजा और डॉ प्रीति आहूजा समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सजीव प्रसारण, महिलाओं ने मिस कॉल देकर दर्ज कराया समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सजीव प्रसारण सोमवार को कानपुर जनपद के सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जनपद की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया। इस दौरान महिलाओं ने टोल-फ्री नंबर 9667173333 पर मिस कॉल देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन भी दर्ज कराया। विधायक कल्याणपुर नीलिमा कटियार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की लगभग 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं रक्षा, अंतरिक्ष, प्रशासन, विज्ञान और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं। विधायक घाटमपुर सरोज कुरील ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं शिक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व के माध्यम से हर क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं और सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत बन रही हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों की ओर से योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सृजन और शक्ति का आधार माना गया है तथा आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों से जुड़ी महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

नडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान यमुना नदी से दो शव और बरामद किये हैं

# नाव हादसा: यमुना नदी से दो और शव बरामद, मृतकों की संख्या 15 हुई

**तलाश जारी**

☐ सोमवार को बचाव दल ने नदी से दो और शव बरामद किए हैं। अभी भी एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** मथुरा जिले में यमुना नदी में पंजाब के श्रद्धालुओं की नाव पलटने के बाद डूब कर मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। सोमवार को बचाव दल ने नदी से दो और शव बरामद किए हैं। अभी भी एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है, जिसकी तलाश लगातार जारी है। सोमवार को एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान यमुना नदी से दो शव और बरामद किये हैं, जिनमें एक की पहचान पंजाब निवासी यश भल्ला उर्फ युवराज के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार यश भल्ला उन 16 लोगों में शामिल थे, जो नाव पलटने के बाद यमुना के तेज बहाव में लापता हो गए थे। उनका शव केसीघाट के निकट देवराह बाबा घाट के पास झाड़ियों में फंसा मिला। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव क्षत-विक्षत अवस्था में था। इसके बाद बचाव दल ने बंगाली घाट के पास से एक युवती का भी शव बरामद कर लिया। जिसकी पहचान मोनिका दुगरी के रूप में हुई है। नाव हादसे में मरने वालों की संख्या अब 15 हो गई है। यह पूरा रेस्क्यू ऑपरेशन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम चला रही है। टीम लगातार यमुना नदी में सर्च अभियान चला रही है और लापता लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही सेना की स्ट्राइक वन कोर और एनडीआरएफ की संयुक्त टीमें इलाके में राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। अभी एक व्यक्ति और लापता बताया जा रहा है। उसका नाम पंकज है। उसकी खोज के लिए बचाव दल लगातार जुटे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि लापता लोगों की तलाश के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और निजी गोताखोरों की टीमों को सात सेक्टरों में बांटकर लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ड्रोन की मदद से भी नदी और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की जा रही है। फिलहाल एक व्यक्ति अभी भी लापता है, जिसकी तलाश के लिए बचाव दल लगातार अभियान चला रहा है। प्रशासन के अनुसार जब तक लापता व्यक्ति का पता नहीं चल जाता, तब तक सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।


# कलायत के सात पार्कों की जिला मुख्यालय पर जांच कार्यवाही शुरू

## एडीसी सुशील कुमार के सामने जांच में शामिल होने के लिए हाजिर हुए पालिका अधिकारी व शिकायतकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां,कलायत।** कलायत शहर में नगर पालिका के अधीन आने वाले सात पार्कों की सिक्योरिटी एवं रखरखाव से जुड़े करीब 30 लाख रुपए के टेंडर में कथित फर्जीवाड़े के आरोपों की जांच सोमवार शुरू हो गई। जिला मुख्यालय पर एडीसी सुशील कुमार इस मामले की जांच कर रहे हैं। डीसी अपराजिता के निदेशों पर अतिरिक्त उपायुक्त को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। शिकायकर्ता सुरेंद्र कुमार की खासतौर से यह मांग थी कि इस गंभीर मामले की जांच डीएमसी कार्यालय की बजाए एडीसी या कलायत एसडीएम को दी जाए। उपरांत डीसी द्वारा जांच एडीसी के सुपुर्द की गई। इसके तहत जिला मुख्यालय पर हुई इस जांच कार्यवाही में नगर पालिका की



तरफ से पालिका अभियंता राजेश प्रजापति, कनिष्ठ अभियंता अब्दुल वहाब और संजीव कुमार मौजूद रहे। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार आरटीआइ के माध्यम एवं धरातल से जुटाए गए सबूतों को लेकर जांच में शामिल हुए। शिकायतकर्ता ने आरोपों को विस्तार से अतिरिक्त उपायुक्त के सामने रखा। उनका कहना था कि नगर पालिका द्वारा सात पार्कों की सुरक्षा और रखरखाव के नाम पर धरातल पर कार्य नहीं किया जा रहा है। केवल कागजी कार्रवाई दिखाकर सरकार को लगभग 30 लाख रुपये का चूना लगाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जुलाई 2025 से इस तरह के फर्जी भुगतान लगातार किए



जा रहे हैं। क्योंकि सरकार की नीति अनुसार पार्क में न तो कोई सिक्योरिटी गार्ड है व न अन्य कर्मी। शिकायकर्ता का कहना है कि नपा के पास इन कर्मियों को प्रति माह आन लाइन दिए जाने वाले मेहनताने के दस्तावेज ही नही हे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीसी सुशील कुमार ने टेंडर प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू की। इसमें एस्टीमेट, टेंडर दस्तावेज, सिक्योरिटी कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, विभिन्न भुगतान, पीएफ रिकॉर्ड, पार्कों में पेड़-पौधों की सिंचाई और निराई जैसे बिंदुओं को क्रमवार ब्यौरा नगर पालिका अधिकारियों से मांगा। गहन जांच को लेकर नगर पालिका अधिकारियों में हडकंप है। पिछले कई दिनों से नगर पालिका अधिकारी पार्कों के टेंडर होमवर्क में लगे हैं। क्योकि यह मामला न केवल जिला प्रशासन बल्कि प्रदेश सरकार के साथ-साथ विभिन्न जांच एजेंसियों को शिकायत के माध्यम से भेजा गया है। हाईप्रोफाइल मामले में शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार के पक्ष में शहर के युवा, बड़े-बुजुर्ग, बच्चे व महिलाएं लगातार पार्कों में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर जांच की मांग उठा रहे हैं।नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि पार्कों के टेंडर में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है। नियम अनुसार कार्य जारी है। जांच के दौरान उन्होंने तमाम दस्तावेज उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया है। लेकिन पूरी स्थिति एडीसी की जांच के बाद ही साफ हो पाएगी।

**बारीकी से जांच करते हुए डीसी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट:**
एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि उपायुक्त के आदेश पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष जांच की जा रही है। टेंडर और एस्टीमेट से जुड़े हर पहलू को नियमों की कसौटी पर परखा जाएगा। पूरी जांच के बाद विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी जाएगी।

# किसानों की फसल का समय पर उठान-भुगतान करना सरकार की प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डॉ अरुण कुमार आहुजा, सीजीएम कम सेक्रेटरी हैफेड ने आज अनाज मंडी मुलाना तथा बराड़ा का दौरा कर गेहूं खरीद कार्यों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में किसानों के लिए किए गए प्रबंधों, खरीद प्रक्रिया, उठान और भुगतान व्यवस्था का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के साथ संचालित की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल का समय पर उठान और भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उनके साथ देवेंद्र सिंह, डीएम हैफेड अंबाला भी मौजूद रहे। मंडियों में मार्केट कमेटी के सचिवों




सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और खरीद से जुड़े प्रबंधों की जानकारी दी। डॉ आहुजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रबंध सही प्रकार से रखे जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की फसल की सुचारू खरीद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत की सीमा कुमारी ने श्रीलंका में रजत पदक जीत कर लहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 13 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत के मॉडल टाउन निवासी सीमा कुमारी ने श्रीलंका में आयोजित साउथ एशियन जू- जीतशू प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम कर पानीपत, हरियाणा प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने बताया कि पानीपत के मॉडल टाउन में रहने वाली सीमा कुमारी उर्फ सिम्मी शेरिया तिरुपति मेडिकेयर लिमिटेड एवं थ्री बी हेल्थकेयर लिमिटेड की संयुक्त प्रायोजित खिलाड़ी है। भाजपा नेता नवीन भाटिया ने बताया कि सिम्मी शरिया मूल रूप से पंजाब के पठानकोट की निवासी है लेकिन पिछले 8 वर्षो से पानीपत की मॉडल टाउन स्थित प्रवीन नांदल स्पोर्ट्स अकादमी में कोच संजीव तोमर और फिटनेस कोच प्रवीण नांदल की संयुक्त देखरेख में प्रतिदिन 6 घंटे अभ्यास करती हैं। प्रवीन नांदल ने बताया कि सीमा कुमारी उर्फ सिम्मी शरिया का चयन 22 मार्च को गाजियाबाद यूपी में आयोजित राष्ट्रीय ट्रायल में किया गया था। सीमा कुमारी उर्फ सिम्मी शेरिया ने भारतीय जू जीतशु टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर वर्ग के 70 किलो ग्राम भार वर्ग की निवाजा स्पर्धा में रजत पदक और फाइटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम करके देश का गौरव बढ़ाया है। सीमा कुमारी की जीत से परिजनों और पानीपत निवासियों में खुशी का माहौल है । गौरतलब है कि सिम्मी शेरिया जॉर्डन में आयोजित सीनियर एशियन जूजीतशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुकी है। सिम्मी शेरिया वर्तमान में विश्व की 7वी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी है। भाजपा नेता नवीन भाटिया ने बताया कि सीमा कुमारी की यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य लड़कियां के लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम करेगी। भाटिया ने सीमा के दोनों कोच संजीव तोमर और प्रवीन नांदल को बधाई दी। पानीपत पानीपत पहुंचने पर सीमा कुमारी का जोरदार स्वागत किया जाएगा।




फोटो:13 पीएनपी 5पी- श्रीलंका में रजत पदक जीतने वाली पानीपत की सीमा कुमारी अपने मेडल के साथ।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में धूमधाम से मनाया बैसाखी उत्सव



**रादौर, 13 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, गुमथला राव में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से कक्षा छठी तक के छात्र पंजाबी वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बैसाखी पर भाषण भी दिए और इसके ऐतिहासिक व कृषि महत्व की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुदेश बंसल ने बताया कि बैसाखी रबी फसल की कटाई की खुशी का प्रतीक है और सिख धर्म में भी विशेष महत्व रखती है। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### मून स्टार प्री स्कूल में धूमधाम से मनाई बैसाखी व अंबेडकर जयंती

**रादौर, 13 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : मून स्टार प्री स्कूल में सोमवार को बैसाखी पर्व और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बच्चे रंग-बिरंगी पोशाकों में विद्यालय पहुंचे और भांगड़ा व गिद्धा प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व रबी की फसल की खुशी में मनाया जाता है और सिख पंथ के लिए भी विशेष महत्व रखता है। वहीं कोऑर्डिनेटर रितु देवी ने विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा, समानता और आत्मविश्वास के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।






# कलायत में आमरण अनशन पर बैठे राधेश्याम प्रजापति का आंदोलन हुआ तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**कलायत।** कलायत के प्राचीन कपिल मुनि मंदिर परिसर में समाजसेवी राधेश्याम प्रजापति का आमरण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल सर्कल कार्यालय में कथित करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार व जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से वाटर पार्क आपेनिंग के विरोध में जारी है। सोमवार को प्रजापति के आंदोलन को उस समय बड़ा बल मिला जब राज्य भर से विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पंचायत की। इससे पहले संविधान निमार्ता भारत रत्न डा.भीम राव अंबेडकर का जन्म दिन मनाया गया। खास बात यह रही कि इस पंचायत की अध्यक्षता एक नई परंपरा के तहत किसी विशेष व्यक्ति की बजाए भगवान कपिल मुनि को सौंपी गई। भगवान कपिल मुनि को अध्यक्ष मानते हुए ही प्रत्येक वक्ता ने अपना सुझाव एवं पक्ष रखा। घंटों चली चर्चा उपरांत अनशनकारी राधेश्याम प्रजापति द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ एकत्रित किए गए सबूतों की समीक्षा करते हुए अविलंब जांच के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा से कार्यवाही की मांग को लेकर प्रतिनिधि मंडल गठित करने का निर्णय पंचायत ने लिया। इस तरह आंदोलन को समर्थन देने के लिए



सोमवार को एक बड़ी पंचायत का बल राधेश्याम प्रजापति को मिला। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल रहे। दो दिन से तेज हुए इस समर्थन के क्रम में राजौंद नगर पालिका वाइस चेयरमैन मंजीत राणा, विकास के विभिन्न मुद्दों को लेकर राजौंद में संघर्ष कर रही समिति प्रधान राकेश राणा, सुभाष रंगा, रवि कुमार, रामभूल सिंह, प्रजापति धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान भवानी दास प्रजापति, सुखदेव सिंह, काला ढाबा वाला, संदीप पाडला, सिंहमार खाप से अनिल बात्ता, सुभाष कुराड़, अनिल हाबड़ी, शिव कुमार बलवान टयोठा, आनंद बात्ता, नरेंद्र बात्ता, राजू पाईं, पवन पूंडरी, विनोद डींग, कृष्ण सहरावत दिल्ली, चंदगीराम हाबड़ी व बड़ी संख्या में अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आंदोलन से जुड़ी प्रमुख मांगों को हरियाणा सरकार तक पहुंचाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात करेगा। मांग पत्र में वर्ष 2019 से 2025 के बीच पब्लिक हेल्थ कैथल में व्यापक स्तर पर हुए गोलमाल की निष्पक्ष जांच के लिए एचसीएस अधिकारी की अगुवाई में एसआईटी गठित करने, संबंधित ठेकेदारों की सभी भुगतान तुरंत रोकने, कैथल में वाटर पार्क को तुरंत सील करने और इसके जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का मुद्दा शामिल रहेगा। पंचायत में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि यह मुद्दा केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि जनहित से जुड़ा गंभीर मामला है। इसके बावजूद जिला प्रशासन और सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है जो चिंताजनक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सरकार ने इस मामले में संज्ञान नहीं लिया तो आंदोलन को ज्यादा तेज किया जाएगा। राधेश्याम प्रजापति ने कहा कि अनशन को लगातार स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला



**सिरसा (रणबीर खटक)**
नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति अब पूरी तरह खोखली साबित हो चुकी है। यह नीति केवल कागजों और भाषणों तक सीमित रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने खुलकर कहा कि नगर परिषद में बिना रिश्वत के कोई भी काम नहीं होता। चाहे एनडीसी लेनी हो या प्रॉपर्टी आईडी बनवानी हो, हर काम के लिए खुलेआम घूस मांगी जाती है। जो व्यक्ति नजराना देने से इनकार करता है, उसके काम को जानबूझकर लटकाया जाता है या फिर उसे बार-बार दफ्तरों के चक्कर कटवाए जाते हैं। राजकुमार शर्मा ने कहा कि यह स्थिति आमजन के लिए बेहद अपमानजनक और कष्टदायक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए न तो कोई ठोस नीति बनाई है और न ही किसी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार की मंशा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की नहीं है, बल्कि इसे नजरअंदाज करने की है। शर्मा ने कहा कि अगर सरकार वास्तव में गंभीर होती, तो अब तक भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी होती। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि नगर परिषद में फैला भ्रष्टाचार सीधे तौर पर आम लोगों की जिंदगी को प्रभावित कर रहा है। राजकुमार शर्मा ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के लोग सबसे ज्यादा इसका शिकार हो रहे हैं, जिनके पास न तो अतिरिक्त पैसे होते हैं और न ही बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने का समय। राजकुमार शर्मा ने सरकार से मांग की कि नगर परिषद में बेलगाम जारी भ्रष्टाचार पर सख्ती से लगाम लगाई जाए और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही एक स्वतंत्र निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए, ताकि भ्रष्टाचार की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

### आमजन की समस्याओं का जल्द हो समाधान-एसडीएम दर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एसडीएम दर्शन कुमार ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की शिकायतों को सुनने का काम किया और समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम दर्शन कुमार ने आम नागरिकों की शिकायतों के निपटान को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-दिर्नेश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएं। उन्होंने विभागों को आपसी तालमेल बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिएं। इस मौके पर कुलवंत कौर ने परिवार पहचान पत्र में से नाम कटवाने को लेकर अपनी समस्या रखी, इसके साथ सिंघावाला से सुनील ने फैमिली इन्कम कम करवाने को लेकर, मनमोहन नगर से शिंदरो ने परिवार पहचान पत्र में से बच्चों का नाम अलग करवाने बारें,, लोकेश ने फैमिली आईडी में नाम ठीक करवाने को लेकर इत्यादि समस्याएं रखी गई। एसडीएम द्वारा सभी समस्याओं को संबंधित को मार्क करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिएं। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

### बराड़ा में अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन का चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा अर्बन ,एरिया बराड़ा के गांव बुढ़ियों, तहसील बराड़ा जिला अम्बाला में लगभग 5 एक-ड़ (खसरा नम्बर 394 एमआईएन, 395 एमआईएन, 400 एमआईएन, 401 एमआईएन, 402 एमआईएन, 403 एमआईएन, ) में अवैध रूप से विकसित की जा रही 1 अवैध कॉलोनी में तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गयी। इस कार्यवाही के दौरान अवैध कॉलोनी में बनी हुई कच्ची सड़कों के जाल को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौके पर डयूटी मैजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान, कनिष्ठ अभियन्ता अभिषेक कौशिक, इन्फोरसमेन्ट भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।

# स्कूल संचालक बसों में फर्स्ट एड बॉक्स लगवाना सुनिश्चित करें

**सिरसा (शुभमखटक)**
सिरसा पुलिस प्रशासन एवं यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष एडवाजरी जारी कर यातायात थाना प्रभारी सहित जिला के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि अपने-अपने थानाधिकार क्षेत्रों में स्कूली बसों में फर्स्ट एड बॉक्स,सीसीटीवी कैमरे तथा अग्निशामक यंत्रों की बारीकी से जांच करें। यदि किसी स्कूल बस में अनियमिताएं पाई जाती है तो बस चालक एवं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए । उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को भी निर्देश देते हुए कहा है कि वे अपनी स्कूल बसों में इन आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्य रूप से व्यवस्था सुनिश्चित करें । एसपी दीपक सहारन ने स्पष्ट किया गया कि यदि जांच के दौरान किसी बस में ये उपकरण नहीं पाए गए, तो संबंधित संचालकों के खिलाफ यातायात नियमों की अवहेलना के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी । इस अवसर पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि स्कूल संचालकों एवं बस चालकों को माननीय अदालत के आदेशों तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दें । सभी चालकों एवं परिचालकों का पुलिस वेरिफिकेशन करवाना अनिवार्य है ताकि कोई अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति न हो । स्कूली बसों में ड्राइवर के पास कम से कम 5 वर्षों का भारी वाहन चलाने का अनुभव और वैध कमर्शियल ड्राइविंग



**आदेश जारी**

अनियमिताएं पाई जाती है तो बस चालक एवं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए

लाइसेंस होना अनिवार्य है । एसपी दीपक सहारन ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है । किसी भी परिस्थिति में बच्चों की सुरक्षा के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी दीपक सहारन ने कहा कि स्कूली बच्चों का आवागमन को पूरी तरह सुरक्षित,व्यवस्थित ढंग से करवाने के लिए सिरसा पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है । स्कूली बस ड्राइवर और हेल्पर (परिचालक) की नियुक्ति करते समय बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सख्त मानकों का पालन करने उपरांत ही उन्हें ड्यूटी पर रखें । स्कूली बस चालक एवं परिचालक को रखने से पहले उनके मानसिक स्वास्थ्य की पूर्ण जांच होनी चाहिए।

# गर्मी के मौसम के चलते पेयजल और बिजली से संबंधित शिकायतों का तुरंत करें समाधान: हरबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में डीएमसी हरबीर सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। समाधान शिविर में डीएमसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी किसी भी शिकायतों का समाधान तुरंत प्रभाव से करें। आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

डीएमसी के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर सिंह मान ने सरकारी अस्पताल के सामने भारत भवन धर्मशाला के आसपास क्षेत्र में सफाई ना होने, सुमन ने पाइप की सब्सिडी ना मिलने, एमीनेंट पर्सन केके ग्रोवर ने कृष्णा कॉलोनी में बंद ठप होने बनी से जलभराव



की समस्या, अजीत शेखावत ने देवसर बजीणा रोड़ की मरम्मत करवाने, सुनील वर्मा नम्बरदार ने पुराने बस स्टैंड के सामने आवारा घूमने वाले पशुओं को पकड़वाने से संबंधित समस्या रखी।
इसी प्रकार से सुभाष गर्ग ने देवसर चुंगी पर पेयजल पाईप लीकेज दुरूस्त करवाने, अशोक कुमार ने ठेकेदार से मजदूरी ना मिलने, मनविंद्र ने गांव की पाइप लाइन बदलने के लिए, राजपुरा निवासी रविंद्र सरपंच ने पैमाइश की नकल ना मिलने, विजेंद्र सिंह ने रोड़ के साथ लगते बिजली के पोल हटवाने, राजेंद्र सिंह ने श्याम मार्केट नई बाईपास में पीने के पानी तथा सीवरेज की पाइप लाइन नई डलवाने, कैंसर से ग्रस्त अजीत सिंह ने और दिव्यांग रेनू ने ईलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने, कलावती ने मनरेगा में मजदूरी के पैसे ना मिलने की शिकायतें रखी। इसी तरह से सरिता, सत्यनारायण, बसंत कुमार, अतर सिंह और वीरेंद्र कुमार ने पीपीपी में आय कम करवाने की शिकायत की। प्रवीण ने फैमिली आईडी में त्रुटि दुरुस्त करवाने, लखन ने आधार कार्ड बनवाने, उषा ने विधवा पेंशन बनवाने की शिकायत की। इस दौरान यातायात प्रबंधक भरतपाल, ईओ नगर परिषद राजा राम, डिप्टी एलडीएम राजवंती, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामगोपाल सैनी, ज्ञानचंद गुलाटी, विनीत तंवर, अजीत शेखावत और जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य रामकिशन हलवासिया, सुनील वर्मा नंबरदार, नंदराम धानिया, केके ग्रोवर और नरेंद्र ग्रेवाल के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**समाधान**

मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी किसी भी शिकायतों का समाधान तुरंत प्रभाव से करें

### एसडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल ने अपने कार्यालय स्थित समाधान शिविर के दृष्टिगत आमजन की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिएं। समस्याओं का प्रभावी समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समन्वय बनाकर प्राथमिकता से लोगों की समस्याओं का निपटान करना सुनिश्चित करें।

# पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग व मोबाइल इस्तेमाल करने वाले 340 वाहनों के काटे चालान

**सिरसा(शुभम.खटक)**
एसपी दीपक सहारन के निर्देशानुसार सिरसा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी कड़ी के तहत ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बीते सप्ताह यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले 340 वाहनों के चालान किए।

सुखदेव सिंह, यातायात थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत ड्रंकन ड्राइविंग और वाहन चलाते समय मोबाइल



फोन का इस्तेमाल करने वाले 97 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा बिना हेलमेट और तेज गति से दुपहिया वाहन चलाने वाले 119, ओवरस्पीड और गलत लेन बदलने वाले 61 तथा बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले 63 वाहनों के चालान काटे गए।पुलिस द्वारा केवल चालान ही नहीं किए गए, बल्कि आमजन को जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थानों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया गया। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया गया।इसके अतिरिक्त बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल बसों की विशेष जांच भी की गई। बस चालकों को फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा फर्स्ट एड बॉक्स रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण बाजार, अपनी मंडी और प्रत्यक्ष बाजार करें स्थापित, 10 लाख रुपये तक की मिलेगी सहायता

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
उद्यान विभाग हरियाणा द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक अनुदान सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य बाजार संरचना को मजबूत करना, किसानों को सीधे बाजार से जोड़ना और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करना है।
विभाग द्वारा ग्रामीण बाजार, अपनी मंडी और प्रत्यक्ष बाजार स्थापित करने के लिए किसानों को 25 लाख रुपये की इकाई लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा, जिसमें अधिकतम 10 लाख रुपये प्रति परियोजना की सहायता निर्धारित की गई है। इसी प्रकार, वातानुकूलित खुदरा बाजार/आउटलेट स्थापित करने के लिए 20 लाख रुपये प्रति यूनिट लागत पर 35 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत प्रति परियोजना 7 लाख रुपये तक की सहायता उपलब्ध होगी, जो बैंक ऋण से जुड़ी होगी।
इसके अलावा, मोबाइल वेंडिंग कार्ट और प्लेटफॉर्म सहित सेटअप के लिए 30 हजार रुपये प्रति इकाई लागत पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा, जिसमें अधिकतम 15 हजार रुपये प्रति यूनिट की सहायता तय की गई है। विभाग द्वारा रिटेल काउंटर के साथ एकीकृत पैक हाउस स्थापित करने के लिए भी सहायता दी जा रही है। इस योजना में 20 लाख रुपये की लागत (3 मीट्रिक टन की लोडिंग क्षमता के साथ) पर 35 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा, जिसमें 7 लाख रुपये प्रति परियोजना की सीमा निर्धारित है।

**गुणवत्ता जांच लैब स्थापित करने पर 100% तक अनुदान, निजी क्षेत्र को भी मिलेगा बड़ा लाभ**

गुणवत्ता नियंत्रण और विश्लेषण प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस योजना के तहत दो करोड़

# सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को पूर्व मंत्री गोपाल कांडा ने दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)** दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन पर पूर्व मंत्री एवं हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष गोपाल कांडा ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। गोपाल कांडा ने कहा कि आशा ताई सादगी, सरलता और सौम्यता की मिसाल थीं। गायन की बुलंदी पर होने के बावजूद उनकी सरलता सभी के लिए प्रेरणा है। पूर्व मंत्री ने आशा भोसले के साथ हुई आत्मीय मुलाकात की फोटो साझा करते हुए उन्हें भावपूर्ण याद किया। श्री बाबा तारा कुटिया के मुख्य सेवक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने भी सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को नमन करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।
जारी किए वक्तव्य में पूर्व मंत्री एवं हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष गोपाल कांडा ने कहा कि महान गायिका आशा भोसले जी का



निधन संगीत जगत के अपूरणीय क्षति है। सात सुरों को समर्पित अपने जीवन में आशा ताई ने 12,000 से ज्यादा गानों को अपनी आवाज देकर भारतीय संगीत को समृद्ध किया। करोड़ो दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। केवल कलाकार के रूप में नहीं अपितु भारतीय संस्कृति और गायन को बुलंदियों पर ले जाने के लिए भी उन्हें सदैव याद किया जाएगा। गोपाल कांडा ने एक कार्यक्रम में दिवंगत गायिका आशा भोसले से हुई आत्मीय मुलाकात को भावपूर्ण याद किया। मुलाकात का फोटो साझा करते हुए उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था के बावजूद आशा जी की जिंदादिली, हंसमुख स्वभाव प्रेरणादायक था। मुलाकात के दौरान उन्होंने अपना आशीर्वाद भी प्रदान किया। गोपाल कांडा ने कहा कि मेरे जैसे प्रत्येक संगीत प्रेमी और करोड़ो भारतीयों के लिए आशा ताई का निधन दुखदायक है।
उधर , श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने भी पार्श्व गायिका आशा भोसले को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि अपनी मधुर आवाज से करोड़ों दिलों को छूने वालीं आशा जी ने कई भाषाओं हिंदी, मराठी, बांग्ला, तमिल, गुजराती सहित अनेक भाषाओं के साथ-साथ लोकगीतों में भी अमिट छाप छोड़ी। गोबिंद कांडा ने कहा कि आज वे हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज सदैव हमारे दिलों में रहेंगी।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सोनीपत लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान प्राप्त हुई 8 शिकायतें

## एसडीएम सुभाष चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करें।

**समाधान शिविर**

***एसडीएम सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सोमवार को समाधान शिविर***



**टीम एक्शन इंडिय**
**सोनीपत, 13 अप्रैल।** एसडीएम सुभाष चंद्र ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करें। जिससे शिकायतकर्ता को किसी भी तरह की परेशानी न हो और बार-बार सचिवालय के चक्कर न काटने पड़े।

सोमवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान 8 शिकायतें प्राप्त हुई। समाधान शिविर का आयोजन एसडीएम सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में किया गया। सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई।

सोनीपत में आयोजित समाधान शिविर में प्रमुख रूप से गांव नाहरी में सरकार द्वारा निर्मित की गई कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने बारे, जुआ गांव में खेतों का आम रास्ता खुलवाने बारे, मुडलाना गांव में आम रास्ते पर अवैध कब्जे को हटवाने बारे, ट्रॉली गांव के सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत दी की सरपंच पहले ही घोटाले के मामले में सस्पेंड है। दोबारा से कई घोटाले का खुलासा हुआ जिसकी शिकायत उन्होंने एसडीएम को दी, परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय ठीक करवाने बारे, सरकारी योजना के तहत बिजली का बिल माफ करवाने बारे, भू राजस्व से संबंधित, अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ एफआईआर करवाने बारे की शिकायतें प्राप्त हुई। इसके अलावा बिजली व पानी की शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान डीसीपी कुशल पाल, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनीष मलिक, तहसीलदार कीर्ति, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जीएम रोडवेज संजय सिंह व अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

***गन्नौर लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम प्रवेश कादियान ने सुनी शिकायतें***

गन्नौर। गन्नौर लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन एसडीएम प्रवेश कादियान की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम प्रवेश कादियान ने शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान परिवार पहचान पत्र में गलत बिजली का मीटर दर्ज होने की शिकायत, जाति प्रमाण-पत्र बनवाने बारे, बिजली व पानी की शिकायतें प्राप्त हुई। एसडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो निश्चित समय अवधि में सभी शिकायतों का समाधान किया जाए, जिससें शिकायतकर्ता को बार-बार सचिवालय के चक्कर न लगाने पड़े।

इस दौरान एसीपी ऋषिकांत, तहसीलदार ललिता व अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चीका मंडी में चहेते आढ़तियों को दिया जा रहा है बारदाना: देवेंद्र

**आरोप**

**अनाज मंडी चीका में गेहूं फसल खरीद के दौरान भारी अनियमितताएं बरतने के आरोप लगाए हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने एशिया की प्रमुख अनाज मंडी चीका में गेहूं फसल खरीद के दौरान भारी अनियमितताएं बरतने के अधिकारियों पर आरोप लगाए हैं। आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि मंडियों में तैनात किए गए अधिकारियों द्वारा केवल अपने चहेते आढ़तियों को ही बारदाना का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने सेटिंगबाजी करने वाले आढ़तियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग सरकार से की है। विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि मेरे संज्ञान में यह मामला आया है कि बारदाना के वितरण में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। निष्पक्ष तरीके से सभी आढ़तियों में वितरण करने के बजाय, कुछ चुनिंदा आढ़तियों को ही बारदाना दिया जा रहा है, जबकि बाकी को जानबूझकर वंचित रखा जा रहा है। इसका सबसे बड़ा नुकसान किसानों को झेलना पड़ रहा है क्योंकि बारदाना के अभाव में उनकी फसलें खुले आसमान के नीचे मंडियों में ही पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय पर उठान नहीं होगा, तो आढ़ती व किसान दोनों का आर्थिक नुकसान भी बढ़ेगा। विधायक ने कहा कि पहले पोर्टल, फिर बॉयोमैट्रिक और अब इस तरह के तरीके अपना कर सरकार किसानों को परेशान करने और उनसे बदला लेने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई है, जिसमें अधिकारियों व कुछ चुनिंदा आढ़तियों की सांठगांठ साफ नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि यही नहीं, आढ़तियों के बयान भी इस पूरे मामले की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। विधायक ने उक्त वीडियो व सारे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की और सम्बन्धित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। देवेंद्र हंस ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि ऐसी अनियमितताओं को तुरंत रोका जाए, अन्यथा कांग्रेस आढ़तियों व किसानों को साथ लेकर प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने यह मांग भी की कि बारदाना का वितरण पारदर्शी व समान रूप से किया जाए और सभी आढ़तियों को बराबर अवसर दिया जाए।

# विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं विश्व शांति हेतु हिंदू स्कूल में हवन यज्ञ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 13 अप्रैल (विजय कौशिक)** : विद्यालय परिसर में परम पूज्या संत सुश्री देवी जी के सान्निध्य में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं विश्व शांति के लिए एक भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के दौरान देवी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हिंदू स्कूल अपने नाम के अनुरूप विद्यार्थियों को उचित शिक्षा, उत्तम संस्कार एवं अनुशासन का पाठ पढ़ा रहा है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देवी जी ने विद्यालय में आयोजित इस विशाल हवन यज्ञ को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यार्थियों को वेद मंत्रों का शुद्ध उच्चारण करते हुए अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग ने देवी जी का हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर देवी जी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया तथा निमार्णाधीन बड़े हॉल के कार्य का निरीक्षण कर विधिवत पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने विश्व शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर स्कूल स्कूल प्रिंसिपल योगिता आहलूवालिया, समाज सेविका नीरज गर्ग, ईश्वर चंद्र, योधराज बंसल, निर्मल नीरज, रविंद्र कुमार बंसल, विकास सिंघल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# चीका अनाज मंडी में गेहूं लदान का कार्य चह रहा है धीमा: जाखौली

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आढ़ती एसोसिएशन चीका ने गेहूं के चल रहे सीजन में धीमे लदान का आरोप लगाया है और उपायुक्त कैथल से मांग की है कि वे सम्बन्धित एजेंसी व ठेकेदार को लदान के कार्य में तेजी लाने के आदेश दें। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आढ़ती ऐसोसिएशन के एक वरिष्ठ पदाधिकारी राज कुमार जाखौली ने बताया कि सैकड़ों आढ़तियों ने किसानों की फसलें न केवल तोल रखी हैं अलबत्ता गेहूं की बोरियां रेडी टू लिफ्ट भी कर रखी हैं परंतु उनका उठान नहीं हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सम्बन्धित ठेकेदार आढ़तियों को लदान के लिए ट्रक नहीं दे रहा है। जाखोली ने कहा कि जब तक गेहूं सरकारी खरीद एजेंसियों के भंडारण स्थल पर नहीं पहुंचेंगी, तब तक किसानों को बेची हुई फसल का भुगतान भी नहीं मिलेगा जिसके चलते मंडी में आढ़तियों

# मुठभेड़ के बाद दो आरोपी काबू, अवैध हथियार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम द्वारा गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद काबू किया गया है। इस संबंध में डीएसपी राजीव कुमार द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया गया कि 12 अप्रैल की रात को उप निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान घोघड़ीपुर नहर पुल के पास एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक अवैध हथियारों के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में करनाल शहर की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा करनाल-मुनक रोड पर नाकाबंदी की गई। कुछ ही समय बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक मुंह ढके हुए आते दिखाई दिए। पुलिस नाकाबंदी देखकर आरोपियों ने बाइक वापस मोड़ ली, जिस पर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया।

पीछा करते हुए गांव बजीदा के पास नहर पुल के निकट आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली पुलिस टीम के एक जवान की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी, जिससे उनकी जान बच गई। इसके बाद आरोपियों ने दोबारा पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में पहले हवाई फायर कर चेतावनी दी गई, लेकिन आरोपियों द्वारा लगातार फायरिंग जारी रखने पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पैरों की ओर फायर किया, जिससे दोनों घायल होकर गिर पड़े।

## न्यूज फ्लैश

### जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल ने मनाई बैसाखी और डा. अंबेडकर जयंती

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां ए. जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल चीका में बैसाखी और डा.क्टर अंबेडकर जयंती को बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। एक तरफ फसल काटने का त्योहार बैसाखी है और दूसरी तरफ भारतीय संविधान के निमार्ता डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती। इस अवसर पर बच्चे रंग बिरंगी पोशाक पहन कर आए। भाषण, गीत,कविता व बैसाखी के गीतों पर नाच गाना किया गया, जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। संविधान के निमार्ता डाक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करके श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि भारतीय संविधान बनाने में डाक्टर भीमराव अंबेडकर का भरपूर योगदान रहा और आज भारतीय संविधान को विश्व में सबसे अच्छा संविधान माना जाता है।

### आमजन ज्यादा से ज्यादा समाधान शिविरों में आकर करवाएं अपनी समस्याएं हल: कैप्टन प्रमेश

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनका संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही निपटान करवाया। समाधान शिविर में मुख्यतः शिकायतें राजस्व विभाग, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, बुढ़ापा पेंशन तथा कुछ शिकायतें जल निकासी से संबंधित रही। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुनें और जिन शिकायतों का समाधान खंड स्तर पर न हो, उनको जिला मुख्यालय भेजकर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन को विभागीय कार्य करवाने की सही जानकारी दें, ताकि उन्हें बेवजह कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने बताया कि आमजन को कार्य करवाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहते हैं, जिससे आमजन को उनकी समस्या व शिकायतें के निपटान लिए अलग-अलग कार्यालय में नहीं जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह समाधान शिविर हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि वे समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा सकते हैं। इस अवसर पर बिजली विभाग के एसडीओ राहुल यादव, सिंचाई विभाग के एसडीओ अजमेर सिंह, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राममेहर व जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ इंद्रराज पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### चलाया जा रहा टीकाकरण अभियान

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा है कि गुहला व सीवन क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतू एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस)टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में गति लाने के लिए सरकारी व प्राईवेट स्कूलों का कलस्टर वाईज शेडयूल बनाया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव व शहर में मुनियादी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने उपरांत कलस्टर वाईज एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित होंगे। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह सोमवार को उपमंडल कार्यालय में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस)टीकाकरण अभियान किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसमें आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है।

# सरकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है गांव चलो, बस्ती चलो, अभियान का उद्देश्य : प्रवीण लाठर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने जिला के निगदु मंडल के गांव बोहला खालसा व सीतामाई का दौरा किया। उन्होंने निगदु मंडल के गांव बोहला खालसा बाबा हरिदास श्री कृष्ण गौशाला में पंहुच कर गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ साथ सीतामाई में स्थित पावन सीतामाई मंदिर में सीता माता के दर्शन भी किए।



इस दौरान जिलाध्यक्ष ने विभिन्न लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सांझा की तथा उनका फीडबैक लिया। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूत करना है तथा भाजपा सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर उनके साथ मुख्य तौर पर निगदू मंडल अध्यक्ष राजपाल, कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार, ईश्वर सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश सैनी, चैयरमेन करम सिंह जांबा, सुंदर लाल गुप्ता, जगदीश सांवत, सरपंच नवाब सिंह गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में बैसाखी उत्साह, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया

**बैसाखी पर्व**

**पूरा विद्यालय परिसर जैसे खुशियों और संस्कृति के रंगों में रंगा हुआ नजर आया,**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** स्थानीय डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जगाधरी गेट अंबाला शहर में बैसाखी पर्व इस वर्ष बड़े ही उत्साह, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर जैसे खुशियों और संस्कृति के रंगों में रंगा हुआ नजर आया, जहाँ विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 10वीं की छात्रा यास्मिन के प्रभावशाली वक्तव्य से हुई। उन्होंने बैसाखी के महत्व को सरल और सुंदर शब्दों में समझाया। इसके बाद भव्य वर्मा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके महान योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रेरित किया। मंच पर पंच प्यारों की सजीव झांकी ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। वहीं कक्षा 10 की परनीता ने जलियांवाला बाग के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी को भावुक कर दिया। कक्षा चार की अमृत द्वारा किए गए मंच संचालन में सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम का एक रोचक आकर्षण रही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, जिसका संचालन हेरीटेज क्लब ने बड़े ही जीवंत और आकर्षक ढंग से किया। बैसाखी, जलियांवाला बाग और डॉ. अंबेडकर से जुड़े प्रश्नों में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी ज्ञानवर्धक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उपहार स्वरूप पेन भेंट कर सम्मानित किया। जिससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया। हेरीटेज क्लब के तत्वावधान में प्रस्तुत गिद्धा और भंगड़ा ने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया। इन प्रस्तुतियों को विद्यालय के संगीत विभाग के मार्गदर्शन में सुकृति और मनजीत द्वारा तैयार कराया गया। क्लब की इंचार्ज हरजीत कौर एवं पूनम बरेजा ने विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। साथ ही कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों के लिए हाथ से चलने वाले पंखे बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता देखने लायक थी। मंजू सचदेवा के मार्गदर्शन में प्री-प्राइमरी विंग में भी उत्सव का विशेष आकर्षण देखने को मिला। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में ग्रुप एवं सोलो डांस प्रस्तुत कर सबका मन जीत लिया। श्रीमती ज्योति आनंद ने बच्चों को बैसाखी के महत्व को बहुत ही रोचक और सरल तरीके से समझाया।

इस अवसर पर एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना व तनुप्रिया ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

# डीसी ने किया सीवन अनाज मंडी का दौरा, खरीद एवं उठान में तेजी लाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** डीसी अपराजिता ने सोमवार को गुहला हलके की सीवन अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद, उठान व्यवस्था और गेट पास प्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने तथा उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने किसानों से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान डीसी ने मंडी में पहुंचकर गेहूं की ढेरियों पर नमी मापक यंत्र से नमी की जांच करवाई। इसके साथ ही उन्होंने कांटे पर एक बैग का वजन भी चेक किया, ताकि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।



उन्होंने एंट्री गेट पास एवं आउट गेट पास व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और इस दौरान आउट गेट पास काटने में सामने आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों से बातचीत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मंडी में उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की और कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की फसल की समय पर खरीद, उठान और भुगतान सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और निर्धारित मानकों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करें। किसानों से अपील करते हुए डीसी ने कहा कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं, ताकि खरीद बिना किसी बाधा के हो सके। इस मौके पर डीएफएससी वरिंद्र सिंह, नायब तहसीलदार मीनू कौशिक, मंडी सचिव सहित विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीसी ने लिया समस्याओं पर संज्ञानः

डीसी अपराजिता ने गेहूं खरीद सीजन को देखते हुए अलग-अलग मंडियों में आ रही समस्याओं पर सख्त संज्ञान लिया। उन्होंने सोलू माजरा गांव में साइलो में आ रही समस्या का समाधान करवाकर गेहूं खरीद शुरू करवाई। साथ ही आउट गेट पास संबंधी तकनीकी खामी को लेकर उन्होंने आला अधिकारियों को जानकारी भेजी। इसी प्रकार से डीसी लगातार सभी मंडियों में चल रही खरीद प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई उठान एजेंसी अपने कार्य में लापरवाही बरतती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खरीद व उठान निर्धारित समय में पारदर्शी तरीके से होना चाहिए।

# शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक: डा. चांद

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** डी.ए.वी. कालेज चीका के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को गत दिवस शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक भ्रमण के अंतर्गत साइंस सिटी कपूरथला तथा गोल्डन टेम्पल अमृतसर का भ्रमण करवाया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी भी प्रदान करना था।



भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक माडलों, आधुनिक तकनीकों तथा नवाचारों को नजदीक से देखा और समझा। इस अवसर पर टूर इंचार्ज डा. चांद किरण ने बताया कि वर्तमान समय विज्ञान और तकनीक का युग है नतीजतन ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इ उधर, विद्यार्थियों ने भी इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं यादगार बताया। इस भ्रमण में डा. गुरतेज सिंह, प्रो. नीरज सिंह, प्रो. हरमनदीप कौर, नीरज कुमार, नैब सिंह तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संपादकीय

# डॉ. आंबेडकर: बहुआयामी व्यक्तित्व का समग्र परिप्रेक्ष्य

भारतीय इतिहास में कुछ महान व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनकी छवि समाज के सामने सीमित रूप में प्रस्तुत होती है, जबकि उनका वास्तविक योगदान उससे कहीं अधिक व्यापक और बहुआयामी होता है। डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर भी ऐसे ही एक महान पुरुष हैं। सामान्यतः उन्हें केवल संविधान निमार्ता या दलितों के उद्धारक के रूप में जाना जाता है, किन्तु यह उनके विराट व्यक्तित्व का केवल एक अंश है। उनके जीवन और कार्यों का गहराई से अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि वे एक अद्वितीय विद्वान, प्रखर अर्थशास्त्री, दूरदर्शी चिंतक, समर्पित शिक्षाविद, सिद्धांतनिष्ठ पत्रकार, श्रमिकों के हितैषी तथा सच्चे राष्ट्रनेता थे। डॉ. आंबेडकर का प्रारंभिक जीवन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में बीता। आर्थिक अभाव और सामाजिक भेदभाव के बीच उन्होंने जिस दृढ़ता और लगन से उच्च शिक्षा प्राप्त की, वह अद्भुत है। अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उन्होंने उच्चतम शैक्षणिक उपाधियाँ प्राप्त कीं। उनके शोध कार्य आज भी अर्थशास्त्र के क्षेत्र में महत्वपूर्ण संदर्भ माने जाते हैं। उनकी प्रसिद्ध कृति ळॅं ढ१ङ्क्ष्ी ङ्मा ३ॅं फ्तस्त्रीी ने भारतीय वित्तीय व्यवस्था की दिशा निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की वैचारिक आधारशिला रखी। एक शोधकर्ता और चिंतक के रूप में डॉ. आंबेडकर ने अनेक प्रचलित धारणाओं को चुनौती दी। उन्होंने तथाकथित आर्य आक्रमण सिद्धांत को तार्किक आधार पर अस्वीकार करते हुए यह सिद्ध किया कि भारतीय समाज की जड़ें एक ही सांस्कृतिक स्त्रोत में निहित हैं। अपनी पुस्तक हँङ्क हीश्ी रँ४िं२ में उन्होंने शूद्रों की ऐतिहासिक स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया और यह स्थापित किया कि वे मूलतः क्षत्रिय थे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जाति व्यवस्था जन्म आधारित न होकर एक सामाजिक विकृति के रूप में विकसित हुई। संस्कृत भाषा के प्रति उनके गहरे अनुराग और प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन ने उनके विचारों को और भी प्रखर बनाया। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने न केवल शिक्षण कार्य किया, बल्कि शिक्षा के प्रसार हेतु संस्थागत प्रयास भी किए। सिद्धार्थ कॉलेज और मिलिंद कॉलेज का प्रारंभ- ये सभी उनके शिक्षा के प्रति समर्पण के प्रमाण हैं। उनका मानना था कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त साधन है। वे शिक्षा को जीवनभर आवश्यक मानते थे और चाहते थे कि यह समान रूप से सभी वर्गों तक पहुँचे। पत्रकारिता के क्षेत्र में डॉ. आंबेडकर ने जनजागरण का प्रभावी माध्यम तैयार किया। मूकनायक, बहिष्कृत भारत और जनता जैसे पत्रों के माध्यम से उन्होंने समाज के वंचित वर्गों की आवाज को मुखर किया। वे एक सिद्धांतनिष्ठ और अनुशासित संपादक थे, जोकि लेखन की गुणवत्ता और तथ्यात्मकता पर विशेष ध्यान देते थे।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# बंगाल चुनाव से पहले बीजेपी का 33 फीसदी महिला आरक्षण दांव



अजय कुमार

> 2023 में पास होने के बावजूद यह कानून कागज पर ही रहा। अब सरकार उस शर्त को बदलने की तैयारी में है। सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ ही संविधान संशोधन लाने की भी तैयारी कर रही है। यह संविधान संशोधन इसलिए लाया जाएगा, जिससे साल 2011 की जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटें बढ़ाई जा सकें और 2029 के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू किया जा सके। साल 2011 की जनगणना के आधार पर 2029 के लोकसभा चुनाव में सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती है

**भारतीय** राजनीति में एक नया अध्याय लिखा जाने वाला है। केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने जा रही है। इसके लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से करीब एक सप्ताह पूर्व 16 से 18 तक तीन दिनों का विशेष लोकसभा सत्र बुलाया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी विशेष संसद सत्र को लेकर अपने सभी सांसदों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी करते हुए 16 से 18 अप्रैल तक सदन में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। पार्टी की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस अवधि के दौरान किसी भी सांसद या केंद्रीय मंत्री को छुट्टी नहीं दी जाएगी। सभी सदस्यों को लगातार सदन में उपस्थित रहने और संसद की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, यह विशेष संसद सत्र महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। सरकार का लक्ष्य इस ऐतिहासिक विधेयक पर व्यापक बहस और आगे की प्रक्रिया को तेज करना है, जिस पर सियासत भी तेज हो गई है। नई आरक्षण व्यवस्था के साथ लोकसभा में सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी। यह कदम महज एक कानूनी संशोधन नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी राजनीतिक रणनीति है, जिसमें एक साथ सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और चुनावी लाभ तीनों का समागम है। लोकसभा सत्र बुलाए जाते ही विपक्ष ने सियासत शुरू कर दी है। अभी से महिला आरक्षण में दलितों-पिछड़ों के लिये भी अलग कोटा की मांग उठने लगी है। उधर, बात बीजेपी सरकार की की जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही महिलाओं को अपनी सरकार के केंद्र में रखा है। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण इसी कड़ी की नई इकाई है। महिलाओं के हित में मोदी सरकार द्वारा उठाये गये अन्य कदमों की बात की जाये तो उज्ज्वला योजना के तहत अब तक 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए, जिससे धुएं से मुक्त रसोई और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई। इसके साथ ही 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, जिससे महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को मजबूती मिली और 100 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हुई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ (2015), सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा ऋण, जन धन खाते और पीएम आवास योजना में महिलाओं के नाम पर संपत्ति ये सब मिलकर एक ऐसा ताना-बाना बुनते हैं, जिसमें देश की आधी आबादी को सीधे तौर पर सरकारी लाभ की अनुभूति होती है। इन योजनाओं का सीधा असर मतपेटी पर भी पड़ा। जो महिलाएं पहले घर से बाहर निकलकर वोट देने में हिचकिचाती थीं, वे आज एक सक्रिय मतदाता वर्ग बन चुकी हैं। 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी ऐतिहासिक रही। विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं ने खुलकर मोदी के पक्ष में वोटिंग की, जो किसी भी राजनीतिक विश्लेषक की नजर से नहीं छूटी। अब मोदी सरकार इस संबंध को और गहरा करने की दिशा में अपना सबसे बड़ा दांव खेलने जा रही है। सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण लागू करने के लिए संशोधन बिल लाने की तैयारी में है, जो लम्बे समय से प्रस्तावित था। बजट सत्र में पेश होने वाले इस विधेयक पर विपक्षी दलों से बातचीत तेज हो गई है। असल में यह मामला इतना सीधा नहीं है। महिला आरक्षण बिल सितंबर 2023 में संसद के विशेष सत्र में पास हुआ था। इस कानून के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटें दी जाएंगी। लेकिन इसे लागू करने के लिए पहले नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन जरूरी था। यानी 2023 में पास होने के बावजूद यह कानून कागज पर ही रहा। अब सरकार उस शर्त को बदलने की तैयारी में है। सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ ही संविधान संशोधन लाने की भी तैयारी कर रही है। यह संविधान संशोधन इसलिए लाया जाएगा, जिससे साल 2011 की जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटें बढ़ाई जा सकें और 2029 के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू किया जा सके। साल 2011 की जनगणना के आधार पर 2029 के लोकसभा चुनाव में सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती है और इसमें महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित की जा सकती हैं। बहरहाल, बात सिर्फ आरक्षण की नहीं है, बल्कि लोकसभा की संरचना को ही बदल देने की है। 543 से 816 सीटें यह संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। इन बिलों को पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी, इसलिए सरकार एनडीए के साथ-साथ विपक्षी दलों जैसे सपा, आरजेडी और वाईएसआर कांग्रेस से भी समर्थन मांग रही है। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण बिल में संशोधन को लेकर शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) जैसे विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बातचीत की है। शुरूआत में गृहमंत्री ने छोटे विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बातचीत की है और कांग्रेस जैसी प्रमुख विपक्षी पार्टी और अन्य बड़े दलों के साथ बातचीत अभी बाकी है। कांग्रेस के लिए यह बिल एक नैतिक दुविधा की स्थिति है। एक तरफ वह महिला आरक्षण की समर्थक रही है और राहुल गांधी ने खुद इसे जल्द लागू करने की मांग की थी। दूसरी तरफ इस बिल का खुलकर समर्थन करना मोदी को एक ऐतिहासिक राजनीतिक उपलब्धि का श्रेय देना होगा। हालांकि संकेतों से साफ है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को महिला आरक्षण लागू करने की पहल का समर्थन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन असली बेचैनी उन दलों में है जो जातिगत समीकरणों पर टिके हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। यह बयान देखने में संतुलित लगता है, लेकिन इसके पीछे की राजनीति बहुत गहरी है। समाजवादी पार्टी, राजद तथा द्रमुक जैसे दलों की ओर से महिलाओं के लिए आरक्षण कोटे में ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग के लिए अलग से कोटे की मांग उठाई जा सकती है। विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी कोटा शामिल करने की मांग उठाई है, जिससे सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। यह मांग तकनीकी रूप से जटिल है, क्योंकि ओबीसी के लिए संसद में आरक्षण का अभी कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। अखिलेश यादव और लालू प्रसाद यादव जैसे नेताओं की असली चिंता कहीं और है।

उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में उनकी राजनीति का आधार पिछड़े और अति-पिछड़े वर्गों का वोट बैंक है। यदि महिला आरक्षण 2029 से लागू हो जाता है और लोकसभा की 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाती हैं, तो रोटेशन प्रणाली के तहत इन दलों के कई वर्तमान सांसदों की सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं। सीधे शब्दों में कहें तो उनके परिवारों और गुटों के कई दबंग नेताओं के लिए 2029 में चुनाव लड़ना असंभव हो जाएगा।

## क्यों डा अम्बेडकर सभी दलों के लिए स्वीकार है?

**भारत** के लोकतंत्र की एक अच्छी विशेषता यह है कि वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और सत्ता संघर्ष के बावजूद कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें सभी दल समान श्रद्धा और स्वीकार्यता प्रदान करते हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिनकी स्वीकृति केवल एक वर्ग या दल तक सीमित नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में समान रूप से प्रतिष्ठित है। इस व्यापक स्वीकार्यता के पीछे सबसे बड़ा कारण उनका बहुआयामी योगदान है। एक ओर वे भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार हैं, तो दूसरी ओर वे सामाजिक न्याय के सबसे प्रखर प्रवक्ता हैं। आपकी अध्यक्षता में निर्मित संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की विविधता, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। इस संविधान ने भारत के विविध जाति,धर्म, भाषा,लिंग और राज्यों के लोगों को एक साझा मंच प्रदान किया। यही कारण है कि सभी राजनीतिक दल संविधान के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए डॉ. अम्बेडकर के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं।

डॉ. अम्बेडकर की स्वीकार्यता का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है उनका सामाजिक संघर्ष है। उन्होंने जीवनभर जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया। उनका यह संघर्ष केवल दलित समाज के लिए नहीं था, बल्कि एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए था जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। आज सभी राजनीतिक दल सामाजिक न्याय, समावेशन और समानता की बात करते हैं,ये सभी विचार कहीं न कहीं डॉ. अम्बेडकर की ही देन हैं। इसलिए कोई भी दल उनके विचारों से स्वयं को अलग नहीं कर सकता। उनकी विचारधारा में लोकतंत्र के प्रति गहरा विश्वास भी सभी दलों को आकर्षित करता है। उन्होंने लोकतंत्र को केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन पद्धति माना। उनकी यह सोच कि "लोकतंत्र केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी होना चाहिए" आज भी प्रासंगिक है। विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद, सभी दल लोकतांत्रिक मूल्यों को स्वीकार करते हैं और इसी कारण वे डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपना आधार मानते हैं, और डा.अंबेडकर को अपना मानते हैं। डॉ. अम्बेडकर का व्यक्तित्व संघर्ष, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उनका जीवन प्रेरणा का स्त्रोत है, जिसे हर दल अपने समर्थकों के सामने आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। यह प्रेरणात्मक पक्ष उन्हें केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्रतीक बना देता है।

विचार

## धोखा फरेब और नाकामी का मसौदा रही इस्लामाबाद वार्ता

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**पिछले** 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई इस्लामाबाद वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। 21 घंटे की चर्चा के बावजूद ईरान और अमेरिका में आपसी सहमति नहीं बन पाई तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने लाव-लश्कर के साथ अमेरिका वापस लौट गए और जाते-जाते कह गए कि यह ईरान के लिए बुरी खबर है कि कोई समझौता नहीं हुआ। लेकिन जो ईरान 28 फरवरी को अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की शहादत से लेकर मिनाब में डेढ़ सौ बच्चियों की जान जाने तक कई बुरी खबरों को झेलकर भी अपनी शर्तों पर टिका हुआ है, उसे अमेरिका भला एक वार्ता के विफल होने से क्या हिला पाएगा। असल में तो इस्लामाबाद वार्ता की असफलता अमेरिका के लिए बुरी खबर है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य की चाबी अब भी ईरान के हाथ में ही है और इससे भी बढ़कर उसके पास सिर न झुकाने का जो जज्बा है, वो ट्रंप जैसे नेताओं के पास नहीं है। ट्रंप नेतन्याहू की मर्जी से युद्ध छेड़ते हैं और समझौता भी नहीं कर पाते, क्योंकि नेतन्याह ऐसा नहीं चाहते।

आपको बता दें बीते दिनों न्यूयार्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें बताया गया कि बेंजामिन नेतन्याहू 11 फरवरी को अमेरिका में थे, जहां उन्होंने ट्रंप के सामने एक पूरी रणनीति बताई थी कि ईरान पर हमला करना चाहिए, क्योंकि वह अभी कमजोर है। इससे ईरान में सत्ता बदली जा सकती है और उसके संसाधनों पर कब्जा भी किया जा सकता है। नेतन्याहू ऐसे ही प्रस्ताव पहले बराक ओबामा, जो बाइडेन और जार्ज बुश को भी दे चुके थे, लेकिन इन तीनों राष्ट्रपतियों ने अपने कार्यकाल में ऐसा कोई फैसला नहीं लिया। यह खुलासा पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने हाल ही में किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू की बात मानने को मजबूर हो गए। क्या इसके पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे हैं, इस सवाल का जवाब अभी मिलना बाकी है। बहरहाल, यह वार्ता बेनतीजा रही, क्योंकि एक तरफ इजरायल लेबनान पर अपने हमले नहीं रोक रहा था, जबकि ईरान की 10 शर्तों में यह एक अहम शर्त थी कि लेबनान पर हमले रुकने चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी अपने रुख में इंच भर का बदलाव नहीं दिखाया।

अमेरिका-ईरान वार्ता बिना नतीजे के खत्म हो गई. लेकिन बातचीत के नाम पर असली फायदा डोनाल्ड ट्रंप ने उठाया है. अमेरिका ने होर्मुज में माइंस हटाने वाले जहाज भेज दिए हैं. वहीं पाकिस्तान ने भी सऊदी अरब में जेट भेजे हैं. इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या बातचीत के नाम पर ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई गई. कहीं बातचीत में उलझाकर उसे फिर से धोखा तो नहीं दिया गया। क्योंकि बातचीत के बीच ही अमेरिका ने माइंस हटाने के लिए अपने दो सैन्य जहाजों को होर्मुज के पार ईरान के पास भेज दिया है. करीब 21 घंटे तक चली मैराथन बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को खाली हाथ लौटना पड़ा. वेंस ने साफ कहा कि अमेरिका ने अपनी रेड लाइन बता दी थी, लेकिन ईरान ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया. दूसरी तरफ ईरान का आरोप है कि अमेरिका ने जरूरत से ज्यादा शर्तें थोप दीं और बातचीत को संतुलित नहीं रखा.

यहां यह भी गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच 5 अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु कार्यक्रम, युद्ध की भरपाई, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और ईरान के खिलाफ तथा पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने जैसे विषय शामिल रहे। लेकिन इन मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिका न ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार हुआ, न उसने होर्मुज पर अपना रुख साफ किया। दरअसल पिछले दस दिनों में ही ट्रम्प दो बिल्कुल अलग-अलग बातें कह चुके हैं। पहले उन्होंने कहा था कि होर्मज में अमेरिका की कोई खास दिलचस्पी नहीं है, अमेरिका को वहां से गुजरने वाले तेल की जरूरत नहीं है। फिर कुछ ही दिनों बाद उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की मांगों का सबसे जरूरी हिस्सा है, और अगर इसे खुला नहीं रखा गया तो कोई बातचीत नहीं हो सकती। वैसे यह तय है कि होर्मुज बनारसमध्य पर अमेरिका अपना कब्जा चाहता है, क्योंकि ईरान ते इस पर न केवल नाकेबंदी की है, बल्कि अब शुल्क चिनेको एरुआत भी कर दी है और ट्रंप इससे बुरी तरह गए हैं। ईरानी संसद से मंजूरी मिलने के बाद अब नामिरिखोलूश्यनरी गाईस कॉर्पस को होर्मुज से गुजरने पाहा से शुल्क वसूलने का अधिकार मिल गया है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

आलेख

## बैसाखी पर नवजीवन का संदेश

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

बैसाखी के महीने में प्रकृति के लिहाज से पेड़-पौधें में नई कोपलें निकलनी शुरू हो जाती हैं, इनमें एक नई ज़िंदगी की शुरूआत होती है तो हमें भी इससे कुछ नया सबक लेना चाहिए जिससे कि हमारे जीवन में भी नई कोपलें फूटें ताकि हमारी नई ज़िंदगी का आरंभ हो और हमारे दिल से सभी भेदभाव मिट जायें। हरेक समाज में बैसाखी का महीना कई तरह से मनाया जाता है। सन् 1699 में बैसाखी के दिन ही दशम गुरू साहिब, गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ (सिख पंथ) की शुरूआत की थी। इस दिन दशम गुरू साहिब ने पाँच प्यारों को चुना। बौद्ध लोगों के लिए भी यह दिन बड़ा मुबारक है। इसी दिन महात्मा बुद्ध का भी जन्म हुआ था। बैसाखी के दिन ही उन्हें आत्म-ज्ञान भी हुआ और इसी दिन उनका निर्वाण भी हुआ।

महापुरूष जब-जब भी इस दुनिया में आते हैं, वे एक ही बात को बार-बार पेश करते हें, वह क्या है? कि मानुष जन्म बड़े भागों से मिलता है, जिसमें हम अपने निजघर वापिस जा सकते हैं। परमात्मा महाचेतना का सागर है और हमारी आत्मा उसकी एक बूंद है। परमात्मा प्रेम है, हमारी आत्मा उसका अंश होने के नाते प्रेम है, इसमें कुदरती तौर से प्रभु से मिलने का भाव है, इसका गुण है अपने प्रीतम से जुड़ना। बैसाख धीरन क्यों वाढियां जिना प्रेम बिछोह। बैसाख धीरन क्यों बैसाख का महीना आ गया है, फसल कटी पड़ी है तुम्हारी, प्रभु से दूर पड़े हो, तुम्हें धीरज कैसे आ सकता है उसके बगैऱ। तुम उससे कटे पड़े हो, कैसे तुम जीवन गुजार रहे हो? कैसे भूल गये हो तुम? हर साजन पुरख विसार के लगी माया धोह। परमात्मा से दूर हो गये हम, उसे भूल गये और माया हाथ धोकर हमारे पीछे लग गई, माया नाम है भूल का। यह भूल कहाँ से शुरू हुई? यह दर्द भरी कहानी है। फसल तो बाहर कटी पड़ी है। महात्मा देखकर कहते हैं, तुम उस प्रभु से कटे पड़े हो तुम उसकी अंश हो। तुम मालिक को भूल गए और यही सब खराबियों की जड़ है। प्रभु को भूल कर अपना जन्म बरबाद कर रहे हो। प्रभु बिना अवर न कोय। प्रभु के बिना तुम्हारी आत्मा का कोई साथी नहीं। पुत्र, स्त्री, बच्चे ये सब प्रारब्ध कर्मों के अनुसार प्रभु ने जोड़े हैं।

## नोएडा में भड़का श्रमिक आंदोलन

**संजय सक्सेना**

**दिल्ली** से सटे औद्योगिक शहर नोएडा के औद्योगिक इलाकों में पिछले एक सप्ताह से सुलग रहा मजदूरों का असंतोष सोमवार को उस समय उग्र हो गया, जब फेज-2 औद्योगिक क्षेत्र में हजारों मजदूरों ने एक साथ काम का बहिष्कार कर दिया और फैक्ट्रियों के बाहर धरना शुरू कर दिया। सुबह से ही गेटों पर भीड़ जमा होने लगी और धीरे-धीरे यह विरोध प्रदर्शन कई औद्योगिक इकाइयों में फैल गया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और कई इलाकों में यातायात घंटों तक बाधित रहा। आंदोलन की शुरूआत एक-दो फैक्ट्रियों में वेतन वृद्धि की मांग से हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे यह मांग पूरे औद्योगिक क्षेत्र में फैल गई। मजदूरों का कहना है कि वे रोजाना 10 से 12 घंटे तक काम करते हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें औसतन 12,500 से 13,500 रुपये के बीच वेतन मिलता है। कई श्रमिकों का दावा है कि ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के अनुसार नहीं होता, जिससे उनकी आय और कम हो जाती है। श्रमिकों का कहना था महंगाई का बढ़ता दबाव इस असंतोष का सबसे बड़ा कारण बन गया है। पिछले दो वर्षों में रसोई गैस की कीमत, किराया, बच्चों की स्कूल फीस और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च तेजी से बढ़ा है। यदि एक औसत मजदूर परिवार का मासिक खर्च 16,000 से 18,000 रुपये तक पहुंच चुका है और आय 13,000 रुपये के आसपास ही है, तो यह अंतर सीधे आर्थिक संकट में बदल जाता है। यही वजह है कि मजदूर अब वेतन वृद्धि को एक विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी मानने लगे हैं।इस पूरे विवाद की सबसे अहम कड़ी पड़ोसी राज्य हरियाणा का वह फैसला है, जिसने न्यूनतम मजदूरी में करीब 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी। यह वृद्धि 1 अप्रैल से लागू की गई और 11 अप्रैल से इसका असर स्पष्ट रूप से सामने आने लगा। नए वेतनमान के अनुसार अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,274 रुपये से बढ़ाकर 15,220 रुपये कर दिया गया। इसी तरह अर्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12,430 रुपये से बढ़ाकर 16,780 रुपये किया गया, जबकि कुशल श्रमिकों का वेतन लगभग 13,704 रुपये से बढ़कर 18,500 रुपये तक पहुंच गया।

## न्यूज फ्लैश

### ड्राइविंग सीखते समय मां-बेटी की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिले में नई गाड़ी में ड्राइविंग सीख रही एक महिला की कार पेड़ से टकरा गई। आगे पिता की गोद में बैठी उनकी 5 साल की बेटी उछलकर शीशे से जा टकराई, जिससे उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत का सदमा मां बर्दाश्त नहीं कर पाई और दो घंटे बाद उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवा दिए। सोमवार को दोनों का पोस्टमॉर्टम कराया गया। महिला की एक 7 महीने की बेटी भी है। अब घर में सिर्फ पिता और 7 महीने की बच्ची रह गए हैं। बृजेश करनाल के केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में जॉब करते हैं। उनकी पत्नी आरती (35) पंचकूला स्थित हरियाणा सचिवालय में जॉब करती थी। इनकी दो बेटियां थीं। पांच साल की अयांशी यूकेजी क्लास में पढ़ती थी, जबकि दूसरी बच्ची 7 महीने की है। बृजेश के दोस्त विकास ने बताया कि बृजेश ने 5 महीने पहले नई कार (वेन्यू) खरीदी थी। उनकी पत्नी कार ड्राइविंग सीखना चाहती थी। 12 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे आरती सीएसएसआरआई परिसर में अपने पति से कार चलाना सीख रहीं थी। उस समय बृजेश ड्राइविंग के साइड वाली सीट पर थे और अयांशी उनकी गोद में बैठी थी। विकास के मुताबिक कार सीखते वक्त आरती ने कंट्रोल खो दिया। अचानक उनका पैरा ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर चला गया। कार पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अयांशी का सिर शीशे से टकरा गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तभी उसको अस्पताल की तरफ लेकर दौड़े लेकर रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

विकास ने बताया कि अयांशी की मौत की खबर सुनकर आरती को गहरा सदमा लगा। उसकी हालत बिगड? लगी। ब्रिजेश उसके तुरंत अमृतधारा अस्पताल ले गया। करीब पौने 8 बजे अस्पताल में आरती ने भी दम तोड़ दिया।

रामनगर थाने से जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि हादसे में मां और बेटी की मौत हुई है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर करनाल के मॉच्युरी हाउस में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आज दोनों का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दशकों के इंतजार के बाद ऐतिहासिक फैसला:- सुनीता सतबीर (भोला) कालूपुर

**सोनीपत**
भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री सुनीता सतबीर (भोला) ने कालूपुर में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नारी शक्ति वंदन के लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका दहिया जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा व चेयरपर्सन जिला परिषद, श्री नीरज ठरू जिला महामंत्री भाजपा सोनीपत, श्रीमती कविता महामंत्री महिला मोर्चा व अन्य उपस्थित रहे।

महिलाओं ने माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद भी दिया।
मातृशक्ति के सामर्थ्य और नेतृत्व को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न मोदी सरकार का एक युगांतकारी कदम है। जब बेटियाँ सशक्त होंगी, तभी हमारा हरियाणा और भारत समृद्ध बनेगा। अब नीति-निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और देश के विकास को नई गति मिलेगी।
इस ऐतिहासिक कदम के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार!

### छात्रा को बंधक बनाने के आरोप में घिरा निजी स्कूल, जांच के लिए कमेटी गठित

**इंद्री** :इंद्री के एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा को कथित रूप से बंधक बनाकर रखने और परीक्षा से वंचित करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन बाबू राम व सोनू ने ज्ञान भारती स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को कई घंटों तक एक कमरे में बंद रखा गया और उसे निर्धारित परीक्षा देने से भी रोक दिया गया था । मामले की शिकायत मिलते ही 9 अप्रैल को एसडीएम और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल पहुंचकर प्रारंभिक जांच की गई थी।

# महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में बैसाखी और अंबेडकर जयंती की धूम

**पर्व**

डांस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्राचार्या और शिक्षिका जसवीर कौर ने निभाई।




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः (संजय नरवाल)**महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, समालखा के प्रांगण में आज बैसाखी और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों सदनों के बीच ग्रुप डांस प्रतियोगिता और निबंध लेखन गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निबंध लेखन गतिविधि में कक्षा 11वीं विज्ञान से छवि, कक्षा 11वीं कॉमर्स से दिया मित्तल और कक्षा 12वीं विज्ञान से केशव कुच्छल ने बहुत सुंदर और प्रभावशाली निबंध लिखे। डांस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्राचार्या अलका शर्मा और शिक्षिका जसवीर कौर ने निभाई। कड़े मुकाबले में एकलव्य सदन ने प्रथम, दक्ष सदन ने द्वितीय और ध्रुव सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि द्रोण सदन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल तथा प्राचार्या अलका शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को दोनों अवसरों की महत्ता बताते हुए उन्हें अपनी संस्कृति पर गर्व करने तथा महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

## बायोमेट्रिक प्रणाली में खामी से परेशान किसानों ने किया एसके मार्ग जाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 13 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : अनाज मंडी में बायोमेट्रिक प्रणाली में आई तकनीकी खामियों से नाराज किसानों ने सोमवार को एसके मार्ग पर अनाज मंडी गेट के समीप जाम लगा दिया। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना के नेतृत्व में किसान सड़क पर धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन प्रभावित रहा। बीकेयू जिलाध्यक्ष संजू गुंदियाना का आरोप है कि गेट पास काटने की ऑनलाइन प्रक्रिया और बायोमैट्रिक सिस्टम में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। पोर्टल पर ट्रैक्टर के साथ फोटो अपलोड नहीं हो पाने के कारण गेट पास जारी नहीं हो रहे थे, जिससे किसानों को घंटों तक अपनी फसल लेकर मंडी के बाहर इंतजार करना पड़ा। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार और मार्किट कमेटी सचिव राजीव चोपड़ा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। अधिकारियों ने मैनुअल गेट पास जारी करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने जाम खोलकर धरना समाप्त कर दिया।

## रादौर के गांव धौड़ंग में दुर्घटना के बाद खेत में पलटा ई-रिक्शा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 13 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : आम आदमी पार्टी की रादौर विधानसभा की एक बैठक रादौर स्थिति सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रादौर व साढौरा विधानसभा प्रभारी महताब सिंह सीबिया ने की। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान महताब सिंह सीबिया ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार साझा किए और कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रादौर विधानसभा की आगामी बैठक 26 अप्रैल को मंडेबर में आयोजित की जाएगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधित रूप में संसद में प्रस्तुत होगा

**भागीदारी**

2029 के के होने वाले चुनावों में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी पक्की होगी।



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
प्रदेश की पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं की नीतियों का लाभार्थी से नीति निमार्ता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं सशक्त कदम है जिसके लिए सभी महिलाएं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की आभारी हैं।

कविता जैन ने जारी एक बयान में कहा कि महिला सशक्तिकरण अब केवल समानता या प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है बल्कि नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि दशकों से महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग लटकी हुई थी जिसे मोदी सरकार ने स्पष्ट विजन और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से साकार किया। जैन ने कहा कि इसी माह नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधित रूप में संसद में प्रस्तुत होगा और 2029 के लोकसभा एवं विधानसभाओं के होने वाले चुनावों में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी पक्की होगी। उन्होंने नरेंद्र मोदी की महिला सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, हर घर शौचालय, ड्रोन दीदी, स्वयं सहायता समूह को तैयार माल की बिक्री के लिए स्थान उपलब्ध करवाने जैसे अनेक कदमों की प्रशंशा की।

जैन ने आगे कहा कि जहां जहां पर महिलाएं सत्ता एवं शासन का नेतृत्व कर रही है, वहां इकोनॉमी बेहतर हो रही है और महिलाओं ने अवसर मिलते ही अंतरिक्ष से लेकर खेल तक सशत्र बालों से लेकर स्टार्टअप तक के क्षेत्र में अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने प्रदेश की सभी महिलाओं से आगामी 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक नारी वंदन कार्यकर्मों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने और 9667173333 नंबर पर मिस्ड काल के माध्यम से अधिनियम का समर्थन करने की अपील की है।

## शिवशक्ति एक्सप्रेस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिला के रेलवे स्टेशन के पास शिव शक्ति एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया।
पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे करनाल से अंबाला रेलवे लाइन पर करीब 50 वर्षीय व्यक्ति शिव शक्ति एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर के माध्यम से जीआरपी करनाल को दी गई।
मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला। इसके अलावा आसपास मौजूद लोगों से भी पहचान करवाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई।
एएसआई सुनीता ने बताया कि जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में था। मृतक ने चेकदार कमीज और काले रंग की पेंट पहन रखी थी।

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 13 अप्रैल ।**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सोमवार को देश की गौरवशाली परंपरा एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दीप प्रज्वलित कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं भी दी। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में गीत-संगीत की धुनों पर समूह नृत्य गिद्दा, भांगड़ा, एकल नृत्य आदि की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर सुधीर जैन ने कहा कि बैसाखी का पर्व उमंग, उत्साह और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व समाज में सुख-समृद्धि, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने वर्ष 1699 में इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को एकजुट करने के लिए एक मजबूत कदम उठाया था। यह पर्व सिखों के लिए एक नया अध्याय, एक नई शुरूआत और धार्मिक सिद्धांतों के पालन का दिन है।

सुधीर जैन ने कहा कि बैसाखी हमारे देश की समृद्धशाली कृषि परंपरा, ग्रामीण जीवन और सांस्कृतिक मूल्यों का उत्सव है, जो किसानों की कठिन मेहनत और योगदान का सम्मान भी है। प्रत्येक विद्यार्थी के मन में भी देश के किसानों के प्रति सम्मान होना चाहिए।
यह पर्व कृषि, समाज और धर्म के संगम का प्रतीक है, जहां लोग खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। डायरेक्टर ध्रुव जैन ने कहा कि देश के विभिन्न भागों में फसल कटाई के समय मनाए जाने वाले ये पर्व हमारी सामाजिक परम्पराओं और विविधता में एकता के प्रतीक हैं। इस अवसर पर हम सभी अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करते हैं । ये पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण और भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रसार का भी संदेश देते हैं।
कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी खुशी का इजहार पंजाबी गीतों पर नृत्य करके किया।

## बैसाखी पर्व व अंबेडकर जयंती पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 13 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : मुकंद लाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बैसाखी का पर्व व भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कक्षा 12वीं की छात्रा पाखी ने भाषण, कक्षा छठी की छात्रा यज्ञा व उर्वशी ने कविता, रिया, दीक्षा अवनी के ग्रुप ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्रों की इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा और खूब वाहवाही लूटी। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्हें बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पावन पर्व किसानों द्वारा फसल की कटाई की खुशी में भगवान का धन्यवाद करने के लिए मनाया जाता है।
हमें सभी तीज त्यौहारों को मिल जुलकर मनाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन अध्यापिका डोली कांबोज, योगिता, कशिता, हिमानी व वंदना की देखरेख में आयोजित किया गया।

## घर से बिना बताए गई युवती लापता, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 13 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : क्षेत्र के एक गांव से 28 वर्षीय युवती बिना बताए घर से कहीं चली गई। पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि वह सभी अपने अपने काम पर गए हुए थे। उसकी लड़की घर पर अकेली थी। जब शाम के समय वह घर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनकी लड़की घर पर नहीं है। उन्होंने सभी जगह उसकी तलाश की लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। वह अपने साथ अपना मोबाइल भी लेकर गई है।

## ग्लोब हेरिटेज में हुआ प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 13 अप्रैल (विजय कौशिक)**
: ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। कोऑर्डिनेटर मोनिका अरोड़ा व सपना ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल परिसर में बच्चों की प्रतिभा को जानने व उन्हें निखारने के उद्देश्य से प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मंच पर नृत्य, संगीत, कविता पाठ, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का परिचय दिया। बच्चे वैसाखी पर्व के हिसाब से सज धज कर स्कूल में आये हुए थे और विद्यार्थियों ने बैसाखी पर पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाई, वहीं कुछ विद्यर्थियों ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उनके जीवन, संघर्ष एवं समाज सुधार के योगदान पर आधारित भाषण और नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्या व स्कूल स्टाफ द्वारा दीप प्रजवलित कर किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि भगवान हर इंसान को कुछ प्रतिभाएं देकर भेजता है और अगर उन प्रतिभाओं को उचित अवसर व उचित मंच प्राप्त हो तो वह प्रतिभा उसके कौशल में परिवर्तित हो जाती है जो वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में सफल होने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वैसाखी पर्व की शुभकामनायें देते हुए कहा कि जहाँ वैसाखी का पर्व मन में उमंग देने वाला होता है वहीँ जलियावाला बाग में शहीद हुए भारतवासियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने का दिवस है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए।

## आईजीएन कॉलेज परिसर में पोषण पखवाड़ा का सफल आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 13 अप्रैल (विजय कौशिक)** : लाडवा आईजीएन कॉलेज परिसर में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक ह्यपोषण पखवाड़ाह्न का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में पोषण, स्वास्थ्य और संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पखवाड़े की औपचारिक शुरूआत 11 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से हुई। इस प्रशिक्षण में पोषण, स्वास्थ्य एवं ह्यपोषण अभियानह्न से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेवकों को संतुलित आहार, कुपोषण की पहचान, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 11 से 23 अप्रैल तक एनएसएस स्वयंसेवक आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इस दौरान वे लोगों को संतुलित आहार के महत्व, पोषक तत्वों की आवश्यकता तथा दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां जैसे पोस्टर अभियान, स्वास्थ्य संवाद और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कुशल पाल ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में भाग लें और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।
वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन सिवाच ने बताया कि ह्यपोषण पखवाड़ाह्न केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी और वे समाज के सशक्त निर्माण में योगदान दे सकेंगे।
मुख्यवक्ता और शिक्षिका गृह-विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक आहार के बारे में बताया। आज दिंनाक 13.04.2026 को पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 42 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में आर्यन शर्मा बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, नैन्सी बी.ए. तृतीय वर्ष और सानिया बी.ए. तृतीय वर्ष तथा आशू ओजला बी.ए. प्रथम वर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।महाविद्यालय प्रशासन को उम्मीद है कि इस पखवाड़े के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी और समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा।

## खुले में गंदगी डालने पर निगम सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
जगाधरी। खुले में गंदगी डालने व सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को नगर निगम की टीम ने जगाधरी की छोटी लाइन पर खुले में गंदगी डालने व सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करने पर दो शराब ठेके के कारिंदों व दो कबाड़ियों समेत छह दुकानदारों के चालान किए। निगम की टीम ने दुकानदारों से 3000 रुपये की जुमार्ना राशि वसूली और बरामद पॉलिथीन को जब्त किया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निदेर्शों पर मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह के मार्गदर्शन में सफाई निरीक्षक अमित कांबोज की टीम ने की। उन्होंने कहा कि अब जिस भी दुकानदार के पास डस्टबिन नहीं मिला और वह खुले में कचरा डालता मिला तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम सख्त कार्रवाई कर रहा है।
गंदगी फैलाने व प्रतिबंधित पॉलिथीन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निदेर्शों पर जोन एक में मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व जोन 2 में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में टीमें गठित की गई है, जो नियमित रूप से बाजारों, चौकों और प्रमुख सड़कों पर छापेमारी कर रही हैं। सोमवार को सफाई निरीक्षक अमित कांबोज, सफाई निरीक्षक पंकज कुमार, सचिन कांबोज व होमगार्ड के जवानों की टीम ने जगाधरी की छोटी लाइन पर छापेमारी की। छापेमारी में निगम की टीम को छोटी लाइन पर गढ़ी मुडो सरकारी स्कूल के नजदीक शराब ठेके के पास गंदगी मिली। जांच करने पर ठेके के अंदर से सिंगल यूज प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास भी मिले। जिस पर निगम सफाई निरीक्षक अमित कांबोज की टीम ने उसका गंदगी फैलाने व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर चालान किया।

## न्यूज फ्लैश

### बैसाखी मौके सुंदर दस्तार सजाओ प्रतियोगिता 14 अप्रैल को



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**रतिया, 13अप्रैल** : सिख सेवा सोसाइटी रतिया द्वारा वैसाखी मौके 14 अप्रैल को सुंदर दस्तार सजाओ प्रतियोगिता का फतेहाबाद रोड़ स्थित गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सिख सेवा सोसाइटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें सोसायटी के सदस्यण रणजीत सिंह बिट्टू, हरनेक सिंह संधू, अजैब सिंह मंडेर, हैप्पी सिंह सेठी, हरजीवन सिंह सहित शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में रतिया क्षेत्र के स्कूल के बच्चे शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोसाइटी सदस्य हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि बच्चों को संस्कृति से जोड़ने के लिए पहला कार्यक्रम 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब में आयोजित जाएगा। उन्होंने बताया कि अंडर 14 एवं 18 के अंतर्गत दो ग्रूपों में दस्तार मुकाबले आयोजित किए जाएंगे और कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहने वालो का जहां सम्मानित किया जाएगा, वहीं भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का भी सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोसायटी द्वारा समय समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि बच्चों एवं युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा सके। इस मौके पर गगनदीप सिंह, रूपेश सिंह, बलवंत सिंह, जगसीर सिंह, बलजिंद्र सिंह, चरणप्रीत सिंह सहित मौजूद रहे।

### जनशिकायतों का समयबद्ध किया जाए समाधानः एडीसी अर्पित संगल

**सिरसा, (रणबीर खटक)**

एडीसी अर्पित संगल ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निपटारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।
अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर डीएसपी आदर्शदीप सिंह भी मौजूद रहे। इसके साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल नौ शिकायतें आई।

# हवन के साथ पूरे गांव ने ली सरकारी स्कूलों को संवारने की शपथ

**विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने की शिरकत, गाँव के तीनों स्कूलों के विकास के लिए शिक्षा प्रगति समिति का हुआ गठन**

**शिक्षा प्रगति हवन**

**उच्च विद्यालय, में शिक्षा प्रगति हवन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूरा गाँव एकजुट हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**फतेहाबाद, 13 अप्रैल :** दौलतपुर गाँव में आज शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और जन-आंदोलन जैसी पहल देखने को मिली। राजकीय उच्च विद्यालय, दौलतपुर में शिक्षा प्रगति हवन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूरा गाँव एकजुट हुआ। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों ने एक स्वर में यह दृढ़ संकल्प लिया कि वे गाँव के बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे और सरकारी स्कूलों को एक नए और बेहतर स्तर तक लेकर जाएंगे। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।
विधायक श्री दौलतपुरिया ने ग्रामवासियों की इस अनूठी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गाँव के सरपंच संजय वर्मा और पूर्व सरपंच भारत ढाका भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस शिक्षा सुधार अभियान को हर संभव सहयोग देने का ठोस आश्वासन दिया।
बुलंद उड़ान संस्था की संस्थापिका अंजू वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाने के उद्देश्य से गाँव में एक विशेष शिक्षा प्रगति समिति का गठन किया गया है। यह समिति गाँव के तीनों स्कूलों के विकास के लिए कार्य करेगी। इस समिति में महेन्द्र सिगड़, सतीश गढ़वाल, सुरेश महरिया, सीताराम निरानिया, सुरताराम नुनिया, कृष्ण नुनिया, बबिता शर्मा, अंगूरी वर्मा, पूनम तथा बुलंद उड़ान संस्था की संस्थापिका अंजू वर्मा को सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि गाँव की माताओं और बहनों ने भी भारी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्रिंसिपल अनिल मेहता की उपस्थिति में हवन पूर्ण हुआ। इस दौरान एक अत्यंत भावुक और प्रेरक पल तब आया, जब हवन करवाने वाले शास्त्री वेद प्रकाश शर्मा व सुनील शर्मा ने हवन में प्राप्त हुई अपनी दक्षिणा भी स्कूल के हित में दान कर दी। यह इस अभियान के प्रति उनकी गहरी समर्पण भावना को दशार्ता है।
अंजू वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में पूरे गाँव ने सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए, जिसमें गाँव के सभी लोग तन, मन और धन से सरकारी स्कूलों के विकास में अपना योगदान देंगे, अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाया जाएगा, विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बेहतर परिवहन (वैन) की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर अभियान की सकारात्मक शुरूआत करते हुए ग्रामवासियों के आपसी सहयोग से लड़कियों के प्राइमरी स्कूल में एक प्रिंटर भी दान किया गया। दौलतपुर गाँव में शुरू हुआ यह शिक्षा प्रगति अभियान अब केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बन चुका है।

# 41 लोगों की आँखों का हुआ निशुल्क ऑपरेशन



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**रतिया, 13 अप्रैल :** भाविप शाखा रतिया कि द्वारा 1998 से लेकर अब तक का पहली वार आँखों का निशुलक कैम्प गुरु नानक आई केयर हॉस्पिटल बुढ़लाड़ा रोड बी डी पी ओ ब्लॉक रतिया के साहमने शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला की अध्यक्षता मे लगाया गया । कैम्प की शुरूआत करते हुए सबसे पहले माँ भारती के चरणों मे दीप प्रज्वलित प्रमोद बंसल, विनोद जैन , गिरधारीलाल एवं लोकेश खुराना द्वारा किया गया । इस कैम्प का मंच संचालित शाखा सचिव लोकेश खुराना द्वारा किया गया जिन्होंने आए हुए सभी मरीजों , उनके परिवारजनों एवं परिषद परिवार के सदस्यों का पहुँचने पर धन्यवाद किया । यह कैम्प भाविप शाखा रतिया कि वरिष्ठ सदस्य विनोद जैन जी के आग्रह पर उनकी धर्मपत्नी स्व.सविता जैन की याद मे लगवाया गया । इस कैम्प के संबोधन मे विनोद जैन ने भाविप के सदस्यों को आँखों का निशुलक कैम्प हर साल आयोजित करने मे अपना सहयोग देने की बात भी कही । इस कैम्प मे श्री परमोद बंसल प्रधान अग्रवाल सभा रतिया मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने अपने संबोधन मे उत्साहित होकर अपनी तरफ से दान भी दिया । इस कैम्प मे परिषद परिवार के वरिष्ठ सदस्य गिरधारी लाल सिंगला ने दान देकर विशेष सहयोग किया । लोकेश खुराना भाविप शाखा रतिया ने भी अपने बेटे के जन्म दिन पर इस कैम्प मे दान देकर विशेष सहयोग किया । आँखों के ऑपरेशन कैम्प मे आए हुए 117 मरीजों का चेक अप गुरु नानक आई केयर रतिया के डॉक्टर

## टी-20 मैच में केयूके स्टार व शिव योद्धा के बीच मुकाबला आज

**दूसरे मैच में स्पार्टन भिड़ेगी केयूके वॉरियर्स से**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल प्रांगण में मंगलवार को सुबह 9 बजे केयूके स्टार व शिव योद्धा के बीच कड़ा मुकाबला होगा। वहीं दूसरे मैच में स्पार्टन टीम केयूके वॉरियर्स से भिडेगी। 5वें अनौपचारिक केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के



आयोजक रशपाल सिंह ने बताया कि अब तक खेले गए 5 मैंचों में सर्वश्रेष्ठ स्कोर केवल 157 रहा है। वहीं कम स्कोर वाले मैचों में टीमों के बीच कांटे की टक्कर भी रही है। उन्होंने बताया कि प्वाइंट टेबल के अनुसार केयूके स्टार ने दोनों मैच जीतकर सबसे पहले पायदान पर खड़ी है। वहीं दूसरी ओर 3 मैचों में से 2 मैच जीतकर स्टार क्रिकेट क्लब दूसरे, केयूके स्पार्टन 2 में से 1 मैच जीतकर तीसरे, केयूके वॉरियर्स चौथे व शिव योद्धा टीम 5वें स्थान पर है।

# भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम में कैप्टन अभिमन्यु का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में जाट सभा के प्रधान डॉ कृष्ण स्योकंद एवं सभा के सभी सदस्य एवं पूर्व प्रधान रणजीत सिंह एवं गुरदयाल सिंह कड़ामी , रविन्द्र सांगवान इत्यादि ने भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम में समाज की ओर से कैप्टन अभिमन्यु को पगड़ी पहनाकर एवं सर छोटू राम का चित्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। यह सम्मान 2016 के जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान आगजनी के मामले में 57 युवकों के बरी होने के बाद दिया गया।
पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे तो देश आगे बढ़ेगा, हरियाणा आगे बढ़ेगा और पूरा समाज भी आगे बढ़ेगा। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की धरती से उन्हें हमेशा प्रेरणा मिली है। वे जब भी यहां आते हैं, कुछ न कुछ नई ऊर्जा लेकर जाते हैं। इस कार्यक्रम से पूरे देश में भाईचारे का संदेश जाएगा। कैप्टन




अभिमन्यु ने कहा कि 2016 में जाट आरक्षण के दौरान बड़े-बड़े षड्यंत्र रचे गए थे। उस समय हरियाणा की आबरू जली, भाईचारा तार-तार हुआ, दुकानें और प्रतिष्ठान जल गए और 32 बेगुनाह लोगों की जान चली गई। यह पूरा मामला एक गहरा राजनीतिक षड्यंत्र था।
वित्त मंत्री ने कहा कि अब परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं। सच परेशान हो सकता है, लेकिन सच को छिपाया नहीं जा सकता। एक दिन पूरा सच सामने आएगा। जिन लोगों ने यह साजिश रची, वे देश के कानून से बच गए हों, लेकिन परमात्मा के सामने जवाब जरूर देना पड़ेगा।
उन्होंने कहा कि महाभारत में चक्रव्यूह में फंसकर अभिमन्यु शहीद कहलाया, कायर नहीं। आज भी समाज चक्रव्यूह में फंसा है, लेकिन हमें डरना नहीं है। संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। कुछ राजनीतिक ताकतें समाज में खाई पैदा करती हैं, भाईचारे को तोड़कर आपसी विश्वास खत्म करने का काम करती हैं।
जो भी ऐसा करता है, वह जाति विरोधी या समाज विरोधी नहीं, बल्कि मानवता विरोधी और देश विरोधी है। इस अवसर पर जाट सरदारी के सथ-साथ सभी बिरादरियों के गणमान्य वक्ति उपस्थित थे।

# डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण समारोह हुआ आयोजित

**टीम एशियन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार गरीबों का भला करने के लिए अंत्योदय की नीति से काम कर रही है। पार्टी ने सबसे नीचे खड़े व्यक्ति को आगे लेकर जाने का कार्य किया है। वर्तमान में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंच रहा है। मेरिट के आधार पर युवाओं को



नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की मौजूदा सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से पंचतीर्थ का निर्माण किया है। इन स्थानों पर जाकर देश के नागरिकों को गर्व की अनुभूति होती है।
विधानसभा स्पीकर हरविंदर

**अंत्योदय**

**देश व प्रदेश सरकार गरीबों का भला करने के लिए अंत्योदय की नीति से काम कर रही है**

कल्याण ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को परिश्रम व मेहनत के लिए जागरूक करें। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण रविवार को वाल्मीकि धर्मशाला में आयोजित डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि धर्मशाला में स्थापित डॉ. भीम राव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा का निर्माण विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद ने अपने पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में करवाया है।

# शिक्षा ही सच्ची सेवा का आधार है : एडवोकेट विशाल कौशिक

**समालखा (संजय नरवाल):**
देहरा गांव में शनिवार को सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।
इस मौके पर सैनी सेवा ट्रस्ट की चेयरमैन माया देवी, एडवोकेट



विशाल कौशिक, अनिल सैनी, मोहन लाल सैनी, अनीता मैम, सुनील सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में एडवोकेट विशाल कौशिक ने कहा कि शिक्षा ही सेवा का माध्यम है और समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन इसी विचारधारा का प्रतीक रहा है, इसलिए हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।
वहीं माया देवी ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता और जागरूकता की अलख जगाई, जो आज भी प्रेरणा देती है।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा छात्र सेवा प्रकोष्ठ एवं वेलनेस क्लिनिक के सहयोग से ह्यमानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याणह्य विषय पर एक सप्ताह का लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से किया गया।
उच्च शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हितधारकों को व्यावहारिक जीवन कौशल एवं तनाव प्रबंधन की रणनीतियों से सुसज्जित करना है।

# यमुनानगर में जनगणना की तैयारियां तेज

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर।** आगामी जनगणना-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में उपायुक्त प्रीति ने जिला सचिवालय के सभागार में पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा।
पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान घरों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिवारों से जुड़ी मूलभूत जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित सामाजिक,



आर्थिक और जनसांख्यिकीय जानकारी जुटाई जाएगी।उपायुक्त ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद यह 8वीं जनगणना है, जो देश के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान एकत्र किया गया व्यक्तिगत डाटा पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और इसे किसी सरकारी योजना से नहीं जोड़ा जाएगा।उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में पूरा सहयोग दें और सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि सटीक आंकड़ों के आधार पर योजनाएं बनाई जा सकें। पहले चरण में मकानों की संरचना, निर्माण

**सूचीकरण**

**उपायुक्त प्रीति ने जिला सचिवालय के सभागार में पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी**

सामग्री, स्वामित्व, परिवार के सदस्यों की संख्या, सामाजिक वर्ग, पानी, बिजली, शौचालय, रसोई व्यवस्था, ईंधन के प्रकार सहित डिजिटल सुविधाओं और वाहनों की जानकारी भी एकत्र की जाएगी।उपायुक्त ने कहा कि जनगणना को सफल बनाने में मीडिया की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है।

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के योग भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकरः सामाजिक क्रांति और राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ . भीमराव अम्बेडकर की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।




कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. राम भक्त लांग्यान (पूर्व आईएएस एवं अध्यक्ष, अंबेडकर भवन कुरुक्षेत्र) ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के मूल्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने में अत्यंत प्रासंगिक हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने एक-एक क्षण शिक्षा को प्राप्त करने में लगाया। उनका जीवन हमारे लिए एक आदर्श है। हम सभी को उनके संघर्षपूर्ण जीवन से शिक्षा लेकर अपना-अपना लक्ष्य बनाना चाहिए।
इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाबा साहेब की शिक्षाओं से संबंधित साहित्य भी वितरित किया गया, जिससे वे उनके विचारों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित सभी को गहराई से प्रभावित किया।
इन छात्रों में प्राची, देवर, सुजल, अर्पिता, मेघराज, पलक, ज्योति रानी, मनस्वी, एंजेल अरोड़ा, हिमांशी, मन्नत, नीति, दैविक, साधिका दीक्षित, नंदिनी वर्मा, कार्तिक, सोमेश, सन्वी, गौरव सैनी, इंद्रजीत सिंह, विनायक भाटिया, शिव अरोड़ा, युवानी, हविशा मेहरा, तनित धीमान, यथार्थ गर्ग, जसन, कुश करण, अनहद और यशी शामिल रहे।

# श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में बैसाखी व डॉ. अंबेडकर जयंती का हर्षोल्लास के साथ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में बैसाखी तथा डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साह, सांस्कृतिक गरिमा और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का अद्भुत संगम देखने को मिला।
कार्यक्रम की शुरूआत बैसाखी पर आधारित रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से हुई। विद्यार्थियों ने पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते हुए ऊजार्वान प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने




फसल कटाई के पर्व की खुशी और कृतज्ञता को प्रभावी रूप से दशार्या। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैसाखी हमें मेहनत और कृतज्ञता का संदेश देती है, जबकि डॉ. अंबेडकर जयंती हमें समानता, शिक्षा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया।
इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रस्तुत करते हुए बैसाखी के महत्व के साथ-साथ डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

# बहालगढ़-दीपालपुर रोड पर जलभराव समस्या के समाधान का विधायक के निरीक्षण के बाद कार्य शुरू

**निरीक्षण**

**-- भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने कार्य का निरीक्षण कर किया मार्गदर्शन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** बहालगढ़-दीपालपुर रोड पर लंबे समय से बनी हुई जलभराव की समस्या के समाधान के लिए विधायक कृष्णा गहलावत के निरीक्षण के बाद जोरो पर काम शुरू हो गया है। लोगों ने इस कार्य के शुरू होने पर बड़ी राहत का कार्य बताया। कार्य शुरू होने के बाद भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण ने सोमवार को कार्य का निरीक्षण किया और उनका मार्गदर्शन किया । मास्टर सतनारायण आंतिल ने बताया कि बरसात के मौसम में इस सड़क पर जलभराव की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती थी। सड़क पर पानी जमा होने के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार जलभराव के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था।

स्थानीय लोग लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे। विधायक कृष्णा गहलावत व निगम मेयर राजीव जैन ने क्षेत्रवासियों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आदेश दिए ।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल, संजय चौहान, सदाराम कौशिक , हरिया बसौदी, सतबीर प्रधान, , डॉ. सत्यप्रकाश बड़ौली, सुखबीर आंतिल , जगमेंद्र सैनी चौहान , राजेंद्र (मुकीमपुर), तारा चौहान, जगमेंद्र आंतिल (दीपालपुर), जयकिशन (खेवड़ा), सतबीर (कुमासपुर), अशोक (मुकीमपुर), राजेश (मुकीमपुर), चरणदास (राठधाना), राज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत और मेयर राजीव जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास की गति इसी प्रकार आगे बढ़ती रहेगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# बैसाखी पर्व पर बीआर ग्लोबल स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**बैसाखी पर्व**

**बीआर ग्लोबल स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बीआर ग्लोबल स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद पीपी-1 से पीपी-3 कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। छोटे-छोटे बच्चों ने किसान, पंजाबी लोक कलाकार, गुरसिख सहित विभिन्न पारंपरिक वेशभूषाओं में मंच पर आकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके उपरांत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने पंजाबी लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्धा पर शानदार प्रदर्शन कर पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा पहल ने अपने संबोधन में बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार किसानों की मेहनत, फसल कटाई की खुशी और नई शुरूआत का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 13 दिन बाद गन्नौर मंडी में गेहूं खरीद शुरू, किसानों व आढ़तियों में खुशी



**गन्नौर।** 13 दिन के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गन्नौर अनाज मंडी में गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई। खरीद शुरू होते ही किसानों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। पिछले कई दिनों से किसान अपनी फसल लेकर मंडी में डटे हुए थे और अब खरीद शुरू होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। सोमवार को मंडी में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ पहुंचे। किसानों का कहना है कि 13 दिन की देरी के कारण उन्हें आर्थिक दबाव झेलना पड़ा, लेकिन अब खरीद शुरू होने से उन्हें उम्मीद जगी है कि उनकी फसल जल्द बिक जाएगी। हालांकि राहत के बीच गेट पास की समस्या किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गई। मंडी में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए प्रशासन भी सक्रिय नजर आया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया और मंडी में भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए बिना गेट पास के ही ट्रैक्टरों को मंडी में जाने दिया, जिसके बाद जाम की स्थिती से छुटकारा मिला। अधिकारियों ने जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया।

पांच हजार कैश लेकर किशोरी लापता

### दुकान पर जाने की बात बोलकर घर से निकली

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के निगदू थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी दोपहर करीब एक बजे घर से दुकान पर सामान लेने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी की उम्र करीब 16 साल है। बीती 11 अप्रैल को करीब एक बजे दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली थी। कई घंटे बीतने के बाद भी जब वह वापस नहीं आई, तो परिवार ने दुकान, गांव और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों के अनुसार किशोरी घर से 5 हजार रुपए भी लेकर गई है। 12 अप्रैल को मां ने निगदू थाना की पुलिस चौकी सीतामाई में लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर निगदू थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले की जांच एसआई राजबीर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की तलाश जारी है।

### गौवंश तस्करी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता, दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की सीआईए-1 टीम ने गौतस्करी के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों आसीफ उर्फ सोनू पुत्र रहीश पुत्र अब्दुल कलीम निवासी गांव गंगेरू, थाना कांधला, जिला शामली यूपी व वाजिद पुत्र फारूक पुत्र यूसूफ निवासी मोहल्ला कुरैशान, नजदीक भाई जी वाली मस्जिद, कस्बा चौसाना, थाना झिंझाना, जिला शामली यूपी, हाल निवासी कस्बा सरसावा, थाना नकुड़, जिला सहारनपुर यूपी के रूप में हुई है।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि थाना इंद्री क्षेत्र में अज्ञात तस्करों द्वारा नहर की पटरी पर गोवंश को काटकर उनके सिर नहर में फेंकने की घटनाएं सामने आई थीं। इस संबंध में थाना इंद्री में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस टीम पहले ही चार आरोपियों आजम, नवाब, शहजाद व चांदकृको गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी है। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि गौ तस्करी के इस सक्रिय नेटवर्क में आसीफ उर्फ सोनू व वाजिद भी शामिल हैं।

# अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता के प्रतीक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता माईराम कौशिक ने मुख्य रूप से शिरकत करते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान माईराम कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। माईराम कौशिक ने कहा कि अंबेडकर जी का जीवन हमें संघर्ष, समर्पण और कड़ी मेहनत का संदेश देता है। इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता फैलाने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा के अलावा गणमान्य मौजूद रहे।

# नैशनल हाईवे पर लोडेड ट्रक में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** कस्बा नीलोखेड़ी के पास दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बीती रात एक ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। ट्रक में स्क्रैप भरा हुआ था, जिसमें छोटे-छोटे डिब्बे भी थे। इन डिब्बों में बचे हुए पेंट, स्प्रे और अन्य केमिकल के कारण बीच-बीच में छोटे धमाके होते रहे। घटना के चलते हाईवे पर लंबा जाम लग गया और वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वाहन चालक सुशील कुमार, विवेक, विष्णु, रोहन और अन्य ने बताया कि वे काफी देर तक जाम में फंसे रहे। उनके वाहन काफी दूर खड़े थे क्योंकि आगे ट्रक में आग लगी हुई थी। आग बुझने के बाद ही यातायात बहाल हो सका। इस हादसे में ट्रक चालक सुरक्षित बच गया। समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंचे एएआई बलवान सिंह ने बताया कि ट्रक में स्क्रैप के साथ खाली डिब्बे थे, जिनमें थोड़ा बहुत स्प्रे या केमिकल बचा हुआ था।

# भाखरपुर में कंपनी के गोदाम में लगी आग, खाने का तेल व शेड जले



**गन्नौरः** भाखरपुर स्थित जीवो वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगते ही कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और और आग पर काबू पाया। आग के कारण गोदाम में रखा खाना पकाने के तेल का स्टोक और पूरा शेड जलकर राख हो गया। हालांकि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कंपनी में कार्यरत वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने से काफी मात्रा में सामान नष्ट हो गया, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने में सहयोग किया।

# हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी का पर्व सोमवार को बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पंजाबी परिधानों में सजे होकर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही छात्रों ने भाषण और कविता के माध्यम से बैसाखी पर्व के महत्व को विस्तार से बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैसाखी केवल एक क्षेत्र विशेष का पर्व नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खुशी और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसान हमारे देश के कर्णधार हैं, जिनकी मेहनत से ही अन्न की प्राप्ति होती है। इसलिए हमें उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल ने भी सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसानों की तरह परिश्रम और समर्पण से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

# धौड़ंग के पास हुए सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत, दो अन्य घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 13 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** गांव धौडग के समीप एसके मार्ग पर हुए सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा उस समय हुआ जब एक अनियंत्रित वाहन ने ई-रिक्शा को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा गेहूं के खेत में पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकिदो सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# दमकल गाड़ियों की बिगड़ी व्यवस्था पटरी पर लौटी, तीनों गाड़ियां सुधरी

**हरकत**

**दमकल विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद अब व्यवस्था पटरी पर लौट रही है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** गन्नौर में दमकल विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद अब व्यवस्था पटरी पर लौट रही है। कई दिनों से खराब पड़ी दमकल गाड़ियों की समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद विभाग हरकत में आया और सभी गाड़ियों को अब ठीक करवा दिया गया है। जानकारी के अनुसार दमकल केंद्र की दो गाड़ियों के टैंक लीक हो गए थे, जिनसे लगातार पानी रिस रहा था। हालत यह थी कि गाड़ियां खड़ी-खड़ी ही कुछ समय में खाली हो जाती थीं, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा था।

वहीं एक अन्य गाड़ी की क्लच प्लेट भी खराब पड़ी थी, जिससे आपात स्थिति में उसके उपयोग पर सवाल खड़े हो रहे थे। स्थानीय स्तर पर इस समस्या को बार-बार उठाए जाने के बावजूद लंबे समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हालांकि मामला उजागर होने के बाद अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया और सभी खराब गाड़ियों की मरम्मत करवा दी। अब दमकल विभाग की सभी गाड़ियां आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार बताई जा रही हैं। इस संबंध में गन्नौर दमकल इंचार्ज शमशेर सैनी ने बताया कि गाड़ियों की मरम्मत करवा दी गई है और विभाग अब किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क है।

# हाईवे पर टकराए तीन वाहन, 6-7 यात्री घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में मधुबन के पास दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर रविवार रात तीन गाडि ?ों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि एक चालक क्षतिग्रस्त कंटेनर के कैबिन में करीब डेढ़ घंटे तक फंसा रहा। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में क्रेन की मदद से रेस्क्यू कर चालक को बाहर निकाला गया और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटवाकर यातायात बहाल किया।

वाहन चालक मनजीत, रोबिन, रिंकू, प्रदीप और अन्य ने बताया कि एक ट्रक चंडीगढ़ की ओर से आ रहा था। अचानक वह डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गया और सामने से आ रहे कैंटर से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कैंटर के पीछे चल रही हिमाचल रोडवेज की बस भी उससे जा भिड़ी।

हादसे के समय बस में ज्यादा सवारियां नहीं थीं। टक्कर के बाद बस में सवार कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं, जबकि कैंटर चालक भी घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।

# सीटीएम मोनिका शर्मा ने सुनीं समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**समाधान शिविर**

**- सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम मोनिका शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनीं व संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। आज आयोजित समाधान शिविरों में 8 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से करनाल मुख्यालय पर दो, नीलोखेड़ी उपमंडल में एक, इंद्री उपमंडल में दो, घरौंडा उपमंडल में एक व असंध उपमंडल में दो शिकायतें प्राप्त हुईं।

सीटीएम मोनिका शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि हर सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। सभी नागरिक सरकार द्वारा आयोजित इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

**ये आई शिकायतें**

करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में शाम शेर सिंह गांव काछवा से बजीदा रोडान सडक के अधूरे कार्य को पूरा करवाने और जगन्नाथ नाजायज कब्जा छुड़वाने की शिकायत लेकर पहुंचे। नीलोखेड़ी उपमंडल में सतविंदर कौर पीपीपी में आय अपडेट करवाने के लिए आईं। इसी प्रकार इंद्री उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में महिंदर सिंह पीपीपी में आय सत्यापन के लिए और शिवकुमार फसल चोरी की शिकायत को लेकर पहुंचे। घरौंडा उपमंडल में सुखराम बिजली से संबंधित शिकायत लेकर आए। वहीं असंध उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में ईश्वर पीपीपी में आय सत्यापन और अनुपमा लाडो लक्ष्मी योजना लागू करवाने के लिए पहुंचीं।

# मॉर्डन पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस पर हवन-यज्ञ व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शास्त्री नगर स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के चेयरमैन अशोक वर्मा , मुख्याध्यापिका महक धनखड़ एवं शिक्षकों ने विधिवत हवन आहुति दी और सुख-समृद्धि की कामना की। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने नृत्य, गीत और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया । मुख्याध्यापिका महक धनखड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि मॉर्डन पब्लिक स्कूल ने कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में निदेशक सभी विद्यार्थियों व स्टाफ ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

## न्यूज फ्लैश

### वाती सिंगर असलम पर केस दर्ज

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और गैर-कानूनी सामग्री प्रसारित करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए मेवाती सिंगर असलम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, यूट्यूब चैनल असलम सिंगर जमीदार टॉपिक पर प्रकाशित एक गाने में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली सामग्री पाई गई है।

सोशल मीडिया सेल में तैनात सिपाही सुमित कुमार द्वारा दी गई शिकायत में बताया गया कि संबंधित गाने में अवैध हथियार रखने का महिमामंडन किया गया है, साथ ही धमकी भरे अंदाज में रंगदारी की मांग और विभिन्न स्थानों पर गोलीबारी जैसी आपराधिक घटनाओं का उल्लेख किया गया है।

पुलिस का मानना है कि इस प्रकार की सामग्री समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर सकती है और युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। मामले का संज्ञान लेते हुए साइबर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसपी शशी शेखर के अनुसार, जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। इसके अलावा, संबंधित यूट्यूब चैनल और फेसबुक अकाउंट को भी बंद कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने पहले ही निर्देश जारी किए थे कि सोशल मीडिया पर आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

नूंह एएसपी शशि शेखर ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि मेवाती सिंगर असलम के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाखों फॉलोअर्स हैं और क्षेत्र में उनकी काफी लोकप्रियता है। हालांकि, उनके गानों को लेकर पहले भी कई बार विवाद सामने आ चुके हैं। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

### हकेवि में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पर पैनल चर्चा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ एवं शिक्षक शिक्षा विभाग के सहयोग से ह्यमहिला आरक्षण विधेयक- नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023ह्व विषय पर सोमवार को पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार एवं समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा के संरक्षण में किया गया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की अध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, एवं शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान भी उपस्थित रहीं।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा एवं जागरूकता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शासन व्यवस्था में महिलाओं की समावेशी एवं समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक परिवर्तन से जुड़े विषयों पर सक्रिय रूप से भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

पैनल चर्चा का संचालन प्रो. सुनीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने संवाद को प्रभावी दिशा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। चर्चा के दौरान सामाजिक एवं सांस्कृतिक बाधाएं, संरचनात्मक चुनौतियां, राजनीति एवं प्रशासन में महिलाओं की भूमिका तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी अग्रणी भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का समन्वय छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रेनू यादव एवं महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. विद्युल्लता पेड्डिरेड्डी के मार्गदर्शन में किया गया। विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आए विद्यार्थियों ने लैंगिक पूर्वाग्रह, संस्थागत सीमाएं तथा समावेशी नीतिगत ढांचे की आवश्यकता जैसे विषयों पर तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने एक प्रगतिशील एवं समानतामूलक समाज के निर्माण हेतु शिक्षा, जागरूकता एवं नेतृत्व के अवसरों की आवश्यकता पर बल दिया।

इंटरैक्टिव सत्र के पश्चात प्रो. नीलम सांगवान ने अपने संबोधन में लैंगिक मुद्दों के समाधान के लिए सूचित संवाद एवं शोध-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# सबके घर का सपना पूरा करना सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता : उपायुक्त

**प्लॉट वितरण**

**– उपायुक्त ने आवास योजना 2.0 के तहत जिले की पांच ग्राम पंचायतों को आवंटित किए 216 प्लाट**



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में हरियाणा हाउसिंग फॉर ऑल व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तीसरे फेस के तहत आयोजित प्लॉट वितरण में माउस की एक क्लिक से पलवल जिले की पांच ग्राम पंचायतों नामतः रसूलपुर, घासेड़ा, मलाई, मानपुर और पावसर के 216 लाभार्थियों को प्लाटों का आवंटन किया। प्लॉट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल गए और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया। उपायुक्त ने कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा प्लाटों का ड्रा निकाला। इस योजना में सामाजिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए घुमंतू जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के आवेदकों को विशेष प्राथमिकता दी गई।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के कमजोर, गरीब एवं बेसहारा वर्ग के लोगों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर पक्की छत उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए प्रदेशभर में ह्यमुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजनाह्ल को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अब तक अपने स्वयं के घर का सपना पूरा नहीं कर पाए हैं।

सरकार द्वारा पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पात्र लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को ही इसका लाभ मिल सके।

उपायुक्त ने कहा कि ह्यसबके घर का सपनाह्ल पूरा करना सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता है। इस दिशा में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सम्मानजनक जीवन मिल सके।

उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे योजनाओं का सही उपयोग करें और अपने घरों को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जिला के परिवारों का जीवन स्तर सुधर रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सोमवार को निकाले गए ड्रा में जिले की पांच ग्राम पंचायतों नामतः रसूलपुर के 129 लाभार्थियों, घासेड़ा के 15 लाभार्थियों, मलाई के 13 लाभार्थियों, मानपुर के 36 लाभार्थियों और पावसर के 23 लाभार्थियों सहित कुल 216 लाभार्थियों को प्लाटों का आवंटन किया गया। इस अवसर पर डीआरओ बलराज ङ्क्षसह दांगी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा, हरियाणा हाऊसिंग फॉर ऑल से संबंधित अधिकारी सहित कमेटी के अन्य सदस्य व लाभार्थी गण उपस्थित रहे।

## मेहनत रंग लाई: छात्रा साक्षी का केंद्रीय सेवा में चयन, महाविद्यालय का बढ़ाया मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय की छात्रा साक्षी रानी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर केंद्रीय सेवा में चयनित होकर महाविद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साक्षी रानी का चयन रक्षा मंत्रालय के अधीन सशस्त्र बल मुख्यालय में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर हुआ है।

गांव विधावली (हथीन) निवासी साक्षी रानी, हंसराज की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के विद्यालय से प्राप्त की और इसके बाद महाविद्यालय में अध्ययन करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर यह सफलता हासिल की। बताया गया है कि उन्होंने महाविद्यालय में संचालित अकादमी के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास और कठिन परिश्रम से यह उपलब्धि प्राप्त की।

कम आयु में इस स्तर की सफलता प्राप्त करना उनके दृढ़ निश्चय और अनुशासन का परिणाम है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि साक्षी ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर परिश्रम और सही दिशा में प्रयास करने से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि साक्षी अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

इस सफलता से छात्रा के परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने भी उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

महाविद्यालय प्रशासन ने अन्य छात्राओं को भी प्रेरित करते हुए कहा कि यदि वे सरकारी सेवाओं में स्थान प्राप्त करना चाहती हैं तो उन्हें प्रारंभ से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करनी चाहिए। संपूर्ण सरस्वती परिवार ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सीडीएलयू के NSS स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सिरसा, (रणबीर खटक) चौधरी** देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के स्वयंसेवकों द्वारा सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान आगामी अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बाबा साहेब के आदर्शों को नमन करना था। स्वयंसेवकों ने सुबह अभियान की शुरूआत करते हुए चौक व आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। उन्होंने झाड़ू लगाकर कचरा एकत्रित किया और आमजन को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने संदेश दिया कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

## एमवीएन विश्वविद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**




**पलवल।** एमवीएन विश्वविद्यालय परिसर में समाज सेवा और जनकल्याण की भावना के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क प्रदान कीं। इसमें ब्लड प्रेशर व शुगर जांच, ईसीजी, बीएमआई परीक्षण, पीठ और गर्दन दर्द के लिए फिजियोथेरेपी परामर्श, सामान्य चिकित्सा परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सलाह शामिल रही। इस दौरान अमृता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. मोहित तेवतिया ने मरीजों को परामर्श दिया। आयोजन में अस्पताल की टीम के अंकित तोमर का विशेष सहयोग रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञों से आवश्यक सलाह प्राप्त की। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) अरुण गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

वहीं उपकुलपति प्रो. (डॉ.) एन.पी. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) योगेन्द्र सिंह ने शिविर के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## नई दिल्ली में भव्य समारोह: क्षेत्र के तीन चिकित्सकों को 'स्वास्थ्य गौरव सम्मान'

**सम्मान**

**डॉ. प्रशांत गुप्ता, डॉ. जितेंद्र सिंगला और डॉ. पूजा सिंगला को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में क्षेत्र के प्रख्यात चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ह्यस्वास्थ्य गौरव सम्मानह्ल से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत गुप्ता, डॉ. जितेंद्र सिंगला एवं डॉ. पूजा सिंगला को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री कपिल मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सैनी ने इन सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कुल 41 अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक भी उपस्थित रहे, जिससे समारोह की गरिमा और बढ़ गई।

डॉ. प्रशांत गुप्ता को ह्लसमुदाय केंद्रित जांच सेवाओं में उत्कृष्ट नेतृत्वह्ल के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण तथा सुलभ जांच सेवाएं उपलब्ध कराकर समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके प्रयासों से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हुई हैं, बल्कि आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

वहीं, डॉ. जितेंद्र सिंगला एवं डॉ. पूजा सिंगला को ह्लनैदानिक फिजियोथेरेपी में उत्कृष्ट सेवा 20 वर्षों का योगदानह्ल के लिए सम्मानित किया गया। दोनों चिकित्सकों ने पिछले दो दशकों में हजारों मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करते हुए फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

इस कार्यक्रम में यथार्थ अस्पताल, फरीदाबाद, फोर्टिस अस्पताल, गुरुग्राम सहित नोएडा एवं गाजियाबाद के अन्य प्रमुख अस्पतालों के वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति रही। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों के लिए प्रेरणादायक बताया।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सम्मान न केवल चिकित्सकों के मनोबल को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं।

यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और आने वाले समय में भी ये चिकित्सक समाज सेवा के अपने कार्यों को इसी समर्पण और निष्ठा के साथ जारी रखेंगे।

## पृथला औद्योगिक क्षेत्र में कर्मचारियों का प्रदर्शन, वेतन व सुविधाओं को लेकर हाईवे जाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** पृथला औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को नेशनल हाईवे जाम कर दिया। कर्मचारियों के प्रदर्शन के चलते करीब डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित रहा, जिसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश पर जाम खुलवाया जा सका।

जानकारी के अनुसार, साईं ऑटो कंपनी के कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि, ग्रेड पे लागू न होने, ईएसआई व पीएफ जैसी सुविधाएं न मिलने और महिला कर्मचारियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी प्रदर्शन में शामिल रहीं।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का आरोप था कि कई वर्षों से काम करने के बावजूद उन्हें मात्र लगभग 10,250 रुपये वेतन दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें मेडिकल सुविधा और अन्य जरूरी लाभ भी नहीं मिल रहे। महिला कर्मचारियों ने कुछ सुरक्षा गार्डों पर अभद्र व्यवहार करने के आरोप भी लगाए। कर्मचारियों का कहना था कि उनकी समस्याओं को सुनने के लिए उन्हें कंपनी प्रबंधन से मिलने तक नहीं दिया जाता। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी मालिक के प्रति कोई शिकायत नहीं है, बल्कि कुछ कर्मचारी और गार्ड ही गलत व्यवहार करते हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत की। सीटीएम प्रीति ने बताया कि कर्मचारियों की सभी मांगों और शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है

## हकेवि के भूगोल विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भूगोल विभाग द्वारा संचालित जीईसी/एमडीसी पाठ्यक्रम ह्यसमकालीन पर्यावरणीय मुद्देह्य के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जैव विविधता के ह्रास तथा संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी समस्याएँ वैश्विक चुनौती बन चुकी हैं। ऐसे में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार अपनाने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

## बैसाखी पर पलवल में लगेगा नि:शुल्क स्पाइन जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**(संतोष गर्ग**

**पलवल।** बैसाखी के अवसर पर शहर में 15 अप्रैल को निःशुल्क स्पाइन (रीढ़) जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर गामा फिजियोकेयर एवं दर्द निवारक क्लिनिक, पलवल तथा पलवल डोनर्स क्लब ह्यज्योतिपुंजह्ल के सहयोग से आयोजित होगा, जिसमें आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, द्वारका की ऑर्थो स्पाइन सर्जन डॉ. तुंगिश बंसल मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह देंगे। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्पाइन एंड स्पोर्ट्स क्लिनिक, पलवल में आयोजित किया जाएगा।




गामा फिजियोकेयर एवं दर्द निवारक क्लिनिक के संचालक डॉ. जितेंद्र सिंगला, जिन्हें इस क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों का अनुभव है, ने बताया कि आजकल बदलती जीवनशैली, लंबे समय तक बैठकर काम करने और गलत बैठने की आदतों के कारण रीढ़ से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में समय पर जांच और उचित उपचार बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि शिविर में कमर व गर्दन के दर्द, स्लिप डिस्क, नसों पर दबाव, पैरों में दर्द, चलने में दिक्कत, सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर या कुबड़ापन तथा सर्वाइकल जैसी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श दिया जाएगा।

शिविर में डॉ. पूजा मित्तल सहित अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी अपनी सेवाएं देंगे। आयोजन का उद्देश्य लोगों को रीढ़ संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय रहते उपचार के लिए प्रेरित करना है। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## सरकार और जिला प्रशासन बेघर हुए पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए कृतसंकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**



**पलवल।** हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को पलवल स्थित प्रजापति धर्मशाला में पहुंचकर पीड़ित परिवारों के लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें गैस चूल्हा, 5 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर, तवा, बाल्टी सहित खाना बनाने और जरूरत का अन्य सामान वितरित किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है दुख की इस घड़ी में सरकार और जिला प्रशासन मजबूती के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद का सिलसिला भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों के लिए राहत कार्यों में कोई कमी न रहे और पीड़ित परिवारों तक समय पर जरूरी सुविधाएं पहुंच जाएं।खेल राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन हाल ही में पलवल की सेक्टर-2 स्थित धर्मनगर कॉलोनी में झुग्गी-झोपडि?ों में लगी आग से बेघर हुए पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए कृतसंकल्प है, जिसके लिए सरकार और जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और उन्हें मूलभूत सुविधाओं सहित राशन सामग्री की व्यवस्था की जा रही है ताकि पीड़ित परिवारों का जीवन फिर से पटरी पर लौट सके। उन्होंने पीड़ित परिवारों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें। बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस तथा आवश्यक पाठ्य सामग्री की समुचित व्यवस्था करवाई जाएगी ताकि वे बिना किसी चिंता के अपनी शिक्षा जारी रख सकें। उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार का उद्देश्य केवल राहत प्रदान करना ही नहीं, बल्कि प्रभावित परिवारों को आत्मनिर्भर बनाकर उनका पुनर्वास करना भी है। पीड़ित परिवारों के सदस्यों ने खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम द्वारा मानवीय आधार पर की गई सहायता के लिए सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से उन्हें न केवल राहत मिली है, बल्कि भविष्य के प्रति एक नई उम्मीद भी जगी है।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आगजनी से पीड़ित परिवारों के लिए धर्म नगर कॉलोनी के नजदीक प्रजापति भवन में अस्थायी रूप से रहने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी जिला वासियों से आह्वान किया कि वे इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए दिल खोलकर आगे आएं और यथासंभव योगदान दें।

उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवारों के समक्ष इस समय रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में सरकार और जिला प्रशासन के साथ-साथ शहर के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों और संस्थाओं को भी आगे आकर मदद करनी चाहिए।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया बैसाखी का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**



**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में सोमवार को बैसाखी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। कृषि संकाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के काफी संख्या में प्रगतिशील किसान सम्मिलित हुए और उन्होंने अपने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के फार्म हाउस पर तैयार किए गए प्राकृतिक उत्पाद और प्राकृतिक कृतियां प्रदर्शित की। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने किसानों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और सभी को बैसाखी की बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि बैसाखी कृषि से जुड़ा हुआ एक शानदार पर्व है। इसमें किसान फसल पकने का जश्न मनाता है। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश ने कहा कि कृषि में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। कृषि में नवाचार करके बहुत धन अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों और किसानों से आपस में एक दूसरे सीखने का आह्वान किया। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि दिल्ली एनसीआर की आवश्यकताओं को देखते हुए प्राकृतिक कृषि के उत्पाद तैयार करें। साथ ही उन्होंने इस साल से शुरू हो बीएससी एग्रीकल्चर को विद्यार्थियों के लिए बड़ा तोहफा बताया।

कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने अग्रणी किसानों और विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

## न्यूज फ्लैश

### चीका की विभिन्न मंडियों में 4 लाख 68 हजार 380 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदः एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा है कि गुहला क्षेत्र में गेहूं फसल खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। अभी तक चीका क्षेत्र की विभिन्न मंडियों में 4 लाख 68 हजार 380 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। किसानों को आह्वान भी किया गया है कि वे मंडियों में अपनी फसल को सुखाकर लाएं, ताकि जल्द ही उनकी फसल की खरीद हो सके। सभी मंडियों में गेहूं फसल की सुचारू खरीद हो, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों की डयूटियां लगाई गई है। एसडीएम ने कहा कि चीका अनाज मंडी में 1 लाख 41 हजार 90 क्विंटल, नई अनाज मंडी चीका में 2 लाख 13 हजार 850 क्विंटल, अंगोध में 12470 क्विंटल, अरनौली में 17530 क्विंटल, बलबेहड़ा में 12740 क्विंटल, बाउपुर में 1660 क्विंटल, भागल में 8520 क्विंटल, भूंसला में 6190 क्विंटल, कमहेड़ी में 2390 क्विंटल, कांगथली में 7200 क्विंटल तथा रामथली में 44740 क्विंटल गेहूं की विभिन्न एजेसियों द्वारा खरीद की गई है। एसडीएम ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि क्षेत्र की सभी मंडियों तथा खरीद केंद्रों पर सफाई व्यवस्था निरंतर बनाए रखें और किसानों को मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी व शौचालय आदि उपलब्ध करवाएं। किसानों की समस्याओं को तुरंत समाधान करवाएं और इस बात का विशेष ख्याल रखें कि किसानों को मंडियों में गेहूं बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### ज्ञान दीप सी. से. स्कूल चीका में हर्षोल्लास से मनाया गया बैसाखी



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां ज्ञान दीप सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल चीका में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आर्यभट्ट के इंचार्ज द्वारा प्रधानाचार्या का हार्दिक अभिनंदन किया गया। हाऊस इंचार्ज द्वारा 13 अप्रैल का इतिहास, अर्थात जलियांवाला बाग हत्याकांड की घटना को दोहराया गया। पंजाब का प्रसिद्ध नृत्य गिद्दा और भंगड़ा की प्रस्तुति बड़े ही जोशीले ढंग से की गई। तीसरी व पांचवीं कक्षा के छात्रों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों के नृत्य द्वारा यह दशार्या गया कि एक किसान दिन रात मेहनत करके अपनी फसल तैयार करता है, जब फसल तैयार होती है और उसे उसकी मेहनत का फल मिलता है, तो वह कितना आनंदित होता है। जलियांवाला बाग हत्याकांड नाटक की प्रस्तुति ने तो दर्शकों के साथ प्रधानाचार्या को भी हैरान कर दिया। मंच सज्जा भी अदभूत थी, जिसमें विशेष रूप से खूनी कुएं में उधम सिंह का फांसी का दृश्य प्रंशनीय रहा। बैसाखी का इतिहास बताते हुए स्कूल के प्रबंधक परमानन्द गोयल ने बताया कि इसी दिन गुरु गोबिन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गोयल ने कहा कि बैसाखी का त्योहार केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। सबके घर अन्न धन से भर जाते हैं। उन्होंने सभी छात्रों से अन्नपूर्णा देवी का मान सम्मान करने व अन्न को व्यर्थ न करने का प्रण भी लिया।

# रोजगार नहीं बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है फर्स्ट एड प्रशिक्षणः चौहान

## कांगथली गांव में लगा फर्स्ट एड रोड सेफ्टी कंडक्टर लाइसेंस कैंप जारी

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आकस्मिक दुर्घटनाओं एवं प्राकृतिक आपदाओं में हो रहा इजाफा जीवन के लिए गंभीर खतरा है, जिसके लिए हर व्यक्ति को जीवन रक्षक उपायों की जानकारी होनी चाहिए। यह विचार कांगथली गांव के युवा एवं समाजसेवी सरपंच कृष्ण चौहान ने फर्स्ट एड का महत्व बताते हुए कहे। चौहान ने कहा कि सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनाने में प्रयासरत है, इसी कड़ी में उपमंडल के गांव कांगथली में एक फर्स्ट एड एवं रोड सेफ्टी कंडक्टर लाइसेंस प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है। चौहान ने कहा कि दसवीं पास व 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा लड़के एवं लड़कियों के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है कि राज्य सरकार की जनकल्याण नीतियों के तहत गांव में ही तीन दिन का कैंप लग रहा है और इससे उनके धन और समय की बचत हो रही है। सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया जिला शाखा कैथल के जिला सचिव गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर राजा सिंह झींजर ने कहा कि सरपंच एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के विशेष सहयोग से तथा सरकार के नेशन पैरामाउंट मिशन के तहत यह कैंप ग्राम स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। कैंप के पहले दिन मास्टर ट्रेनर विशाल गोयल व सरबजीत कौर ने कहा कि यह कैंप सुबह 9 बजे से 4 बजे तक बुधवार तक जारी रहेगा।



इसमें जीवन रक्षक पद्धतियों एवं सड़क सुरक्षा के साथ-साथ परिवहन विभाग हरियाणा कंडक्टर लाइसेंस के नियमावली से ट्रेंड किया जाएगा। इस अवसर पर गांव के समाज सेवी पाला राम, सतपाल सिंह, जटराम, पूर्व रोडवेज इंस्पेक्टर पूर्ण सिंह, शमशेर सिंह चौकीदार, सुखवंत सिंह बडैच, कांता राम, नंबरदार प्रेम सिंह, पंच बलविंदर सिंह, पंच अजय कुमार व पंच बिट्टू राम सहित गांव के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### चीका अनाज मंडी में ईमानदारी व पारदर्शी तरीके से हो रहा गेहूं खरीद फरोख्त का कार्यः राणा



**गुहला चीका, 13 अप्रैल (नंदलाल):** मार्केट कमेटी चीका के चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जगमाल राणा ने कहा है कि चीका अनाज मंडी में गेहूं खरीद व फरोख्त का कार्य पूरी तरह ईमानदारी व पारदर्शी तरीके से हो रहा है। राणा आज अनाज मंडी का दौरा कर पत्रकारों से रू ब रू हो रहे थे। मंडी में आढ़तियों व किसानों को आ रही कुछ परेशानियों को लेकर पूछ गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब कोई काम शुरू होता है, तो उसमें थोड़ी बहुत समस्याएं आती ही हैं और इसी प्रकार गेहूं खरीद की शुरूआत में छोटी-छोटी समस्याएं सामने आई थी परंतु सभी समस्याओं को दूर कर दिया गया है और अब मंडी में धान खरीद, लदान व अन्य सभी कार्य समुचित ढंग से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में अधिकतर कार्य ऑन लाइन है, जिसके चलते पूरी तरह से पारदर्शिता बनी हुई है और कोई भी व्यक्ति आन लाइन कार्य की कभी भी जांच कर सकता है। राणा ने कहा कि मार्केट कमेटी से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त आदेश हैं कि किसी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत न मिले और यदि किसी की शिकायत पाई गई, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बैसाखी मेले में विरासत ने बनाया हरियाणा पैवेलियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सिख गुरुओं की पावन धरा पर 13 और 14 अप्रैल को प्रदेश सरकार की तरफ से बैसाखी महोत्सव 2026 का बड़े स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस बैसाखी महोत्सव में प्रदेश की परंपरागत सांस्कृतिक विरासत देखने को मिल रही है। इस बैसाखी महोत्सव में विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा हरियाणा पैवेलियन में सांस्कृतिक प्रदर्शनी हरियाणा के हस्तशिल्प का आकर्षण का केन्द्र बनी है।

## इंद्री अनाज मंडी में अव्यवस्था का आलम

**इंद्री, 13 अप्रैल (मैनपाल कश्यप)**
इंद्री की अनाज मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था सोमवार को पूरी तरह चरमराती नजर आई। कई दिनों से खराब मौसम के बाद मंडी में बंपर आवक की संभावना थी, लेकिन प्रशासनिक तैयारियों की पोल उस समय खुल गई जब सुबह 9 बजे से ही किसानों को गेट पास न मिलने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसान शामलाल ,राजबीर व वीरेंद्र कलसौरा ने बताया की सरकार नए नए नियम थोप कर जान बूझकर किसानो को परेशान कर रही है धान घोटाला सरकार ० उसके कर्मचारियों ० अधिकारियो की देन है लेकिन परेशानी किसानो को झेलनी पड़ रही है गेट पास ० अंगूठा वेरीफाई आदि करवाने में घंटो बर्बाद हो जाते है तब जाकर मंडी में अनाज की ट्रालियां खाली हो पाती है उन्होंने बताया की गेट पास प्रक्रिया ठप होने से मंडी गेट के बाहर करनाल-यमुनानगर स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं। हालात ऐसे बन गए कि दोपहर करीब एक बजे किसानों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने मंडी के मुख्य गेट पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर हाईवे जाम कर दिया। इस जाम के कारण कई घंटों तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बसें भी रास्ते में फंस गईं, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए लंबे समय तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में रोष बढ़ता गया। मंडी सचिव अजित सिंह के अनुसार, रविवार तक मंडी में लगभग 1 लाख 65 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है।



### सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए पानीपत में साइक्लोथॉन का आयोजन

**पानीपत, 13 अप्रैल।** प्रिवेंटिव हेल्थ केयर और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शालीमार बाग ने पानीपत साइकिल क्लब के साथ मिलकर, राईड टूवर्ड बैटर हैल्थ, लेवल अप यूअर हैल्थ नामक थीम के तहत पानीपत साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन किया गया।

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

| कार्य का नाम | "500 KVA 750V अल्टरनेटर का कार्य और अन्य संबंधित कार्य। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 06.05.2026 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 13.04.2026 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 23005868.83/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 460100/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 22.04.2026 | बोली समाप्ति तिथि | 06.05.2026 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56/W/इलेक्ट./25–26/T/26/ALT
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1245/26

## सरकार आंदोलनरत कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा करेः अशोक कुमार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा घोषित की गई प्रदेशव्यापी हड़ताल के छठे दिन भी अग्निशमन विभाग ब्लाक गुहला व सीवन के कर्मचारी हड़ताल पर बैठे। आज की हड़ताल की अध्यक्षता कर्मचारी नेता अशोक कुमार की और मंच का संचालन अमर सिंह ने किया। हड़ताल की अध्यक्षता कर रहे अशोक कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हड़ताल का छठा दिन है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि वे बातचीत के माध्यम से अपनी समस्याएं हल करना चाहते हैं परंतु सरकार है कि कर्मचारियों को बातचीत के लिए बुलाने के लिए भी तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार सीधा सीधा सुन ले, जब तक उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।




उन्होंने कहा कि दमकल विभाग में लगे पैरोल के कर्मचारियों को बीस साल हो गये हैं और इसी तरह एचकेआरएन कर्मचारियों को भी लगे कई कई साल हो गए हैं परंतु सरकार उन्हें पक्का नहीं कर रही है, जिससे उक्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार का भविष्य अंधकारमय है। उन्होंने कहा कि पे रोल पर लगे कर्मचारियों की पिछले छह सालों से सैलरी भी नहीं बढ़ाई गई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **जितेंद्र पाल सिंह, पुत्रः** सरदार दर्शन सिंह, **पताः 88,** मॉडल टाउन, करनाल, हरियाणा, ने **FIR No. 243/2015 U/s 420/468/471/120B IPC थानाः चाणक्यपुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेंद्र पाल सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेंद्र पाल सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 243/2015 U/s 420/468/471/120B IPC थानाः चाणक्यपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जितेंद्र पाल सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री अनिमेष कुमार
जेएमएफसी–02, कमरा नंबर 32
लॉक–अप बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
**DP/4734/RD/2026**
**(Court Matter)**

## कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला परिषद कार्यालय का किए औचक निरीक्षण

**नितिन सिंगला जगाधरी**
कैबिनेट मंत्री विकास एवं पंचायत, श्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला परिषद् कार्यालय, जगाधरी का औचक निरीक्षण किया। मौके पर अध्यक्ष जिला परिषद् रमेश चन्द ठसका, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् सुशील कुमार, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज व कार्यकारी अभियन्ता, जिला परिषद् मौजूद रहें। कैबिनेट मंत्री ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् से जिला परिषद् के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक व समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने बारे विचार-विमर्श किया तथा जिला परिषद् में विभिन्न मदों में उपलब्ध फंड व कार्यों के आवंटन बारे जानकारी ली गई। कैबिनेट मंत्री ने इसके अतिरिक्त जनसाधारण को आ रही समस्याओं व उनके जल्द से जल्द समाधान करने बारे भी दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वहां मौजूद वार्ड 18 से जिला परिषद् सदस्या श्रीमती विनीत कौर से भी क्षेत्र की समस्याओं व चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।



### गन्ने की कुल 253 करोड की पेमेंट में से किसानों को कर दी है करीब 211 करोड रुपए की पेमेंट-नवदीप सिंह नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 13 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत शुगर मिल ने इस 2025-26 के पेराई सत्र में प्रदेश के 11 सरकारी शुगर मिलों में सबसे ज्यादा 61 लाख 50 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की है। इस गन्ने की किसानों की कुल 253 करोड 31 लाख रुपए की पेमेंट बनती है। शुगर मिल प्रबंधन ने इस पेमेंट में से 210 करोड 94 लाख रुपए की किसानों की पेमेंट अलग-अलग बार में करके कर दी है और शुगर मिल की तरफ अब गन्ना किसानों की सिर्फ 42 करोड 37 लाख की ही पेमेंट बकाया है। शुगर मिल ने अभी हाल ही में 1883 किसानों की 30 करोड रुपए की पेमेंट की है। शुगर मिल के प्रबंध निदेशक एवं एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन के अनुसार मिल द्वारा 15 मार्च 2026 तक की किसानों की पेमेंट क्लीयर कर दी है और बकाया पेमेंट को भी जल्द ही कर दिया जाएगा। प्रदेश के 10 सहकारी शुगर मिलों और हैफेड के एक मिल सहित 11 सरकारी शुगर मिलों में पानीपत शुगर ने प्रदेश में सबसे ज्यादा गन्ने की पेराई की है।

## अमरावती विद्यालय में बैसाखी उत्सव का उल्लासपूर्ण एवं रंगारंग आयोजन

अमरावती विद्यालय में प्री-नर्सरी से केजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा बैसाखी उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया।
विद्यालय परिसर बच्चों की मधुर मुस्कान, रंग-बिरंगे परिधानों और खुशियों की गूंज से जीवंत हो उठा।
पारंपरिक रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनकी ताल पर हर दर्शक भाव-विभोर हो उठा। नन्हे कदमों की थिरकन में उत्सव की सच्ची खुशी झलक रही थी।
इस अवसर पर विद्यालय में एक छोटे मेले (फेयर) का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने चूड़ियों की सुंदर दुकानें सजाईं और खरीद-बिक्री का अनुभव प्राप्त किया। साथ ही कठपुतली (पपेट शो) ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी और वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया।
कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों में मिठाइयाँ वितरित की गईं, जिससे पूरे वातावरण में प्रेम और मिठास घुल
यह उत्सव बच्चों के लिए केवल आनंद का अवसर ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामूहिक सहभागिता का एक सुंदर अनुभव भी बना।
विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा डोगरा ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के भावनात्मक, सामाजिक और रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।
यह दिन सभी के लिए खुशियों, सीख और यादगार पलों से भरा रहा, जो लंबे समय तक सभी के हृदय में अंकित रहेगा।



**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक**
अनुसूची कॉमर्शियल बैंक
पंजीकृत कार्यालयः जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राउंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071 शाखा कार्यालयः 16/12, दूसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए, आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली - 110005।

**ई-नीलामी सूचना**
प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम), के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के प्रावधानों के साथ पठित, ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना।

नीचे हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति ने, जना लघु वित्त बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है तथा उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाए की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित खाते में गिरवी रखी गई संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी "जैसी है जहाँ है" तथा "जैसी स्थिति में है" के आधार पर नीचे दी गई तिथि को आयोजित की जाएगी।

| क्रमांक | ऋण खाता | ओरिजिनल बॉरोअर/ को-बॉरोअर/ गारंटर का नाम | दिनांक 13-2 नोटिस | कब्जे की तिथि | 03/30/2026 तक मौजूदा बकाया बैलेंस | प्रॉपर्टी के इंस्पेक्शन की तारीख और समय | रिजर्व प्राइस रूपए में | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट रूपए में | ई-नीलामी की तिथि और समय | बिड जमा करने की आखिरी तारीख, समय और जगह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45869420000774 | 1. श्री अमृतपाल सिंह, पिता श्री प्रीतम सिंह (आवेदक), 2. श्री प्रीतम सिंह, पिता श्री जवाहर सिंह (सह-आवेदक), श्रीमती इंद्रजीत कौर, पत्नी श्री प्रीतम सिंह। | 11-03-2025 | 23-02-2026 | 30,06,567.20 (रुपये तीस लाख छह हजार पाँच सौ सड़सठ और बीस पैसे मात्र) | दिनांक 04.05.2026 को प्रातः 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक। | 25,12,380.00 (रुपये पच्चीस लाख बारह हजार तीन सौ अस्सी मात्र) | 2,51,238.00 (रुपये दो लाख इक्यावन हजार दो सौ अड़तीस मात्र) | दिनांक 18.05.2026, समयः प्रातः 11:00 बजे। | दिनांक 16.05.2026 को सायं 5:00 बजे से पहले, जना लघु वित्त बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालयः 16/12, द्वितीय तल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, दिल्ली-110005। |
| | सिक्योर्ड एसेट्स की डिटेल्सः एक आवासीय संपत्ति, जिसका क्षेत्रफल 0 बीघा 3 बिस्वे 4 बिस्वासी अर्थात 160 मरला गज है, जिसमें खेवट नंबर 516/530, खतोनी नंबर 606 तथा खसरा नंबर 395 (6-5), 394/3 (2-2), 402/1 (4-13), 403/1 (4-15) शामिल हैं, कुल टेडी 18 भेगे 15 बिस्वे, भाग 64/7500 हिस्सा के रूप में, जो आधुनिक सिटी फेज-1, अलोहरान, तहसील नाभा, जिला पटियाला में स्थित है, दस्तावेज संख्या 2022-23/77/1/2117 दिनांक 29 नवंबर 2022 के अनुसार श्रीमती इंद्रजीत कौर, पत्नी श्री प्रीतम सिंह के स्वामित्व में है। जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं— पूर्वः सड़क, पश्चिमः निठभाई सिंह, उत्तरः निठभाई सिंह, दक्षिणः सुशील मित्तल। | | | | | | | | | |
| 2 | 32059410000393 & 32059430000962 | 1.श्रीमती सीमा सचदेवा, पत्नी श्री रमेश सचदेवा (आवेदक), 2. श्री रमेश सचदेवा, पिता श्री केसर दास (सह-आवेदक)। | 18-08-2025 | 13-02-2026 | 29,64,595.02 (रुपये उनतीस लाख चौसठ हजार पाँच सौ पंचानवे और दो पैसे मात्र) | दिनांक 04.05.2026 को प्रातः 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक। | 23,03,813.00 (रुपये तेईस लाख तीन हजार आठ सौ तेरह मात्र) | 2,30,381.30 (रुपये दो लाख तीस हजार तीन सौ इक्यासी और तीस पैसे मात्र) | दिनांक 18.05.2026, समयः प्रातः 11:00 बजे। | दिनांक 16.05.2026 को सायं 5:00 बजे से पहले, जना लघु वित्त बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालयः 16/12, द्वितीय तल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, दिल्ली-110005। |
| | सिक्योर्ड एसेट्स की डिटेल्सः संपूर्ण अचल संपत्ति, दो मंजिला मकान संख्या (पुराना) 861/10 एवं नगर परिषद संख्या 1024-ए/16, क्षेत्रफल 43 वर्ग गज, जो किला मोहल्ला, रोहतक, नगर निगम सीमा के भीतर स्थित है। यह संपत्ति श्रीमती सीमा, पत्नी श्री रमेश कुमार के स्वामित्व में है। जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं— पूर्वः गली, पश्चिमः प्रकाश का मकान, उत्तरः दर्शन लाल का मकान, दक्षिणः गंगा राम का मकान। | | | | | | | | | |

संपत्तियाँ "जैसी हैं जहाँ हैं" तथा "जैसी स्थिति में हैं" के आधार पर रखी गई हैं और ई-नीलामी ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। नीलामी बैंक द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता एम/एस 4 क्लोजर के माध्यम से वेब पोर्टल https://bankersauction.in एवं www.foreclosureindia.com पर आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी, विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ई-नीलामी से संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए इच्छुक बोलीदाता एम/एस 4 क्लोजर से संपर्क कर सकते हैं; संपर्क व्यक्ति श्री उत्कर्ष आदेश, संपर्क नंबर 9515160064, https://bankauctions.in: https://bankauctions.in www.foreclosureindia.com। ई-नीलामी की शर्तों एवं नियमों से संबंधित अधिक जानकारी तथा संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए जना लघु वित्त बैंक के अधिकृत अधिकारियों श्री कौशिक बी (मोबाइल नंबर 7019949040), श्री रंजन नाइक (मोबाइल नंबर 6362951653) एवं श्री शशि कुमार (मोबाइल नंबर 8700277112) से संपर्क करें। अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार इन संपत्तियों पर कोई भार या बंधक नहीं है। तथापि, इच्छुक बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति के शीर्षक एवं किसी भी संभावित बंधन/भार के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जाँच कर लेनी चाहिए। कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामित उधारकताओं/जमानतदारों/बंधककताओं को भी दी जाती है कि बंधक रखी गई संपत्तियों की ई-नीलामी निर्धारित तिथि पर आयोजित की जाएगी। उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता को निर्देशित किया जाता है कि वे नीलामी की तिथि से पूर्व उपरोक्त उल्लिखित राशि सहित अद्यतन ब्याज एवं अन्य सहायक खर्चों का भुगतान कर दें, अन्यथा संपत्ति को बेच दिया जाएगा तथा शेष बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज एवं लागत सहित वसूल की जाएगी।

दिनांकः 13.04.2026, स्थानः पटियाला एवं रोहतक। हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

# एक्शन इंडिया

ACTION INDIA



RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# भटके कदमों को नई दिशा: सुकमा में पुनर्वास से विकास की कहानी लिख रही है सरकार





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** नक्सल आतंक से लंबे समय तक प्रभावित रहे सुकमा में अब शांति, विश्वास और विकास की नई तस्वीर उभर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुकमा जिला मुख्यालय स्थित पुनर्वास केंद्र का दौरा कर वहां संचालित पुनर्वास एवं कौशल विकास गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित लोगों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव जाने और उन्हें मुख्यधारा से जुड़कर नया जीवन प्रारंभ करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सम्मानजनक जीवन, रोजगार और आगे बढ़ने के समान अवसर देने के लिए दृढ़संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पुनर्वासितों की आंखों में दिखता आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण है कि यदि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले, तो हर भटका हुआ कदम नई दिशा और नया जीवन प्राप्त कर सकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की प्रभावी नक्सल पुनर्वास नीति के चलते सुकमा सहित बस्तर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अब तक 2392 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है, जिनमें से 361 पुनर्वासितों ने नया जीवन प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल पुनर्वास तक सीमित नहीं है, बल्कि इन नागरिकों को सम्मानजनक जीवन, स्थायी रोजगार और समाज में बराबरी का अवसर प्रदान करना है। पुनर्वास केंद्र में राजमिस्त्री, कपड़ा सिलाई, कृषि उद्यमिता और वाहन चालक जैसे विभिन्न ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में अब तक 307 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया है, वहीं मुख्यधारा में लौटे 313 युवाओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपये का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा 107 पुनर्वासित हितग्राहियों को मोबाइल फोन वितरित किए गए हैं, जिससे वे डिजिटल और संचार माध्यमों से जुड़कर आधुनिक जीवनशैली की ओर अग्रसर हो सकें। विशेष रूप से 115 महिलाएं प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के आश्रितों को भी राहत प्रदान करते हुए अनुकंपा नियुक्ति के तहत पुलिस विभाग में 20 तथा जिला प्रशासन द्वारा 95 लोगों को शासकीय सेवा में रोजगार के अवसर दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम ढोंडरा कोंटा निवासी मौसम संजना, नागारास जगरगुंडा निवासी भरत कुमार हेमला सहित अन्य हितग्राहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग के अंतर्गत 10 नव नियुक्त शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने पुनर्वासित हितग्राहियों को मोबाइल, राजमिस्त्री किट, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबियां तथा पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर 25 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपकर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने नक्सल पुनर्वास की सफलता की प्रेरणादायक कहानियों को दशार्ती बदलते सुकमा की बदलती तस्वीर: पुनर्वास से विकास तक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। साथ ही, पुनर्वास केंद्र के कला केंद्र में कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल भौतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक बदलाव का भी प्रतीक है।

# अवैध अतिक्रमण पर वन विकास निगम की सख्त कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर :** वन मंत्री केदार कश्यप के निदेर्शानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा लगातार अवैध कटाई, अतिक्रमण और उत्खनन पर नियंत्रण के लिए प्रदेशभर में नियमित गश्त और सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस पहल से वन क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग रही है। कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर के अंतर्गत परिक्षेत्र भैंसाझार के रतनपुर सर्किल के जूनाशहर बीट के कक्ष क्रमांक ढ्रक्र1621 में अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया। यहां श्री संतोष सोनी, निवासी रतनपुर द्वारा वन भूमि पर टीन और लोहे से अवैध शेड का निर्माण किया गया था। उपमंडल प्रबंधक, कोटा द्वारा जारी नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर वन विभाग की टीम ने 12 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से अवैध टीन शेड को हटा दिया।









# महारानी अस्पताल में 'अटल आरोग्य लैब' का हुआ भव्य शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर:** बस्तर संभाग के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। महारानी जिला चिकित्सालय, जगदलपुर में अत्याधुनिक 'अटल आरोग्य लैब' का भव्य शुभारंभ किया गया, जो क्षेत्र के नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की एक महत्वपूर्ण सौगात है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस उच्च स्तरीय लैब का लोकार्पण कर प्रदेश में सही जाँच, सही इलाज के संकल्प को सुदृढ़ किया। इसी कड़ी में, स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए नगर पालिक निगम के अध्यक्ष श्री खेमसिंह देवांगन ने विधिवत फीता काटकर लैब का औपचारिक उद्घाटन किया। यह लैब अब बस्तर के लोगों को उनके घर के



पास ही कम समय में सटीक और उच्च गुणवत्ता वाली पैथोलॉजी जांच उपलब्ध कराएगी। प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप संचालक डॉ. वी.आर. भगत और राज्य सलाहकारों ने लैब की तकनीकी कार्यक्षमता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें नगर निगम के सभापति श्री निर्मल पाणिग्राही और स्वास्थ्य सभापति श्री लक्ष्मण झा प्रमुख थे। डॉ. संजय बसाक, डॉ. नीरज ओझा और विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि इस लैब के शुरू होने से अब मरीजों को जटिल जांचों के लिए अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना होगा।

कार्यक्रम में श्रीमती आशा साहू, श्रीमती पूनम सिन्हा और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस नई सुविधा का स्वागत किया।

## चंबल के क्रांतिवीरों के स्मारक निर्माण की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**इटावा।** जालियांवाला बाग नरसंहार की बरसी पर चंबल संग्रहालय पंचनद परिवार ने चंबल अंचल के क्रांतिवीरों की स्मृतियों को संरक्षित करने और उनके सम्मान में स्मारक निर्माण की मांग को लेकर इटावा स्थित कचहरी परिसर में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

इसके बाद मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। सभा के दौरान क्रांति नायकों को न्याय दो, स्मृतियों को जीवंत करो और जीता चमार, मारून सिंह लोधी, जंगली-मंगली भंगी का स्मारक बनाओ जैसे नारों से परिसर गूंज उठा। इटावा से कई बार मुख्यमंत्री बनने के बावजूद क्षेत्र के क्रांतिवीरों के सम्मान की दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हुआ। चंबल परिवार प्रमुख डॉ. शाह आलम राणा ने सैफई स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण आर्यविज्ञान संस्थान का नाम क्रांतिकारी जंगली-मंगली भंगी के नाम पर रखने की मांग की।









## करोड़ों की लागत से बदल रहा पुसौर का स्वरूप: वित्त मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने पुसौर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन, पुष्पवाटिका उद्यान, चंदन तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्माण स्थल पर जाकर प्रत्यक्ष रूप से कार्यों की स्थिति देखना, बुनियादी ढांचे का विकास कराना हम सभी की जिम्मेदारी है ' उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर पंचायत पुसौर के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

**निरीक्षण**

**पुष्पवाटिका उद्यान, चंदन तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया**

